राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 355
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 06 जुलाई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट
पेज 3 डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्मरण किया
पेज 5 ज्ञानवापी : वजूखाने में गंदगी और अखिलेश-ओवैसी पर केस की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 15 तक टली
पेज 7 ऑस्ट्रेलिया में हिंदुओं की आबादी में बड़ा इजाफा, 50 प्रतिशत से भी कम रह गए ईसाई

## देश में मानसून सक्रिय, कई राज्यों में भारी बारिश

### मुंबई में जगह-जगह पानी भरा, हाई टाइड में 6 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं; दिल्ली में यलो अलर्ट



नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने पूरे देश को कवर कर लिया है। अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान है। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल में गरज-चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए मंगलवार को यलो और बुधवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मुंबई और आसपास के इलाकों में भी बारिश लगातार जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार की सुबह 8 से रात 8 बजे के बीच मुंबई के पूर्वी हिस्से में 58.6 मिमी, जबकि पश्चिमी हिस्से में 78.69 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। यहां अगले 48 घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है।

भारी बारिश के कारण मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को जलजमाव से यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बस और लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। दोपहर 4 बजे हाई टाइड का अलर्ट है। BMC और प्रशासन ने लोगों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा है। हाई टाइड के दौरान 4 से 6 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं।

#### अगले चार दिन भारी बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन में देश के ज्यादातर हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी ओडिशा, उससे सटे दक्षिण झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे अगले चार दिनों में मध्य भारत, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने का अनुमान है।

#### यूपी में पूरब से पश्चिम पहुंचा मानसून

**उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल से एंट्री करने वाला मानसून अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तरफ पहुंच गया है। सोमवार को राजधानी लखनऊ में बादलों के आने-जाने का सिलसिला लगा रहा और इस बीच धूप रही। उमस भरी गर्मी के बीच सोमवार का पूरा दिन लखनऊ वासियों का रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने मथुरा, सहारनपुर, आगरा, फिरोजाबाद, बांदा और महोबा में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार हवाएं चलेंगी और बिजली की गरज-चमक भी होगी। मौजूदा समय में मानसून मेरठ गौतमबुद्धनगर, पीलीभीत, हाथरस, मैनपुरी, कानपुर नगर, औरैया, मऊ, प्रयागराज में सक्रिय है।**

#### मध्य प्रदेश : सभी जिलों में मानसून सक्रिय

मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मानसून सक्रिय हो चुका है। राजधानी भोपाल में सोमवार सुबह से लेकर देर रात तक तेज चमक और गरज के साथ रुक-रुककर तेज बारिश होती रही। रात 12:30 तक 4 इंच बारिश हो चुकी थी। मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार यानी आज भी भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक ओडिशा में बने सीजन के पहले लो प्रेशर एरिया और मप्र के ऊपर से गुजर रही मानसून ट्रफ लाइन के असर के कारण ऐसी तेज बारिश हुई।

सीजन में पहली बार ऐसा हुआ, जब पूरे प्रदेश में एक साथ मानसूनी बारिश हुई। प्रदेश के वेदर एक्सपर्ट वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि जब लो प्रेशर एरिया बंगाल की खाड़ी के नजदीक बनता तो इसका असर हमारे यहां ज्यादा होता है। उस दौरान बारिश भी अधिक होती।

सिंह ने बताया कि अभी अगले 3 दिन और ऐसी ही बारिश होने की संभावना है। भोपाल बारिश की खबर पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

मौसम विभाग के मुताबिक, इंदौर में भी तापमान 4 डिग्री कम होकर 28.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 23.5 डिग्री रहा।

## उद्धव गुट के 16 विधायकों को अयोग्यता नोटिस

### लिस्ट में आदित्य का नाम नहीं, शिंदे गुट बोला- बालासाहेब के सम्मान में पोते को छोड़ा

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा में बहुमत साबित किया। इसके बाद शिंदे गुट ने नए स्पीकर राहुल नार्वेकर को एक याचिका दी, जिसमें उद्धव ठाकरे गुट के 16 विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग की गई है। हालांकि, उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का नाम इन 16 विधायकों में शामिल नहीं है।

शिंदे गुट के विधायक और चीफ व्हिप भरत गोगावले ने कहा कि हमने आदित्य ठाकरे को छोड़कर, व्हिप की अवहेलना करने वाले सभी विधायकों को अयोग्य घोषित करने का नोटिस दिया है। बालासाहेब ठाकरे के प्रति सम्मान के कारण हमने आदित्य ठाकरे को नोटिस नहीं दिया।



#### ठाकरे और शिंदे गुट की पिटिशन पर 11 जुलाई को सुनवाई

ठाकरे गुट ने भी शिंदे गुट के 16 विधायकों की सदस्यता रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक लीगल पिटिशन डाली थी। पिछले महीने डिप्टी स्पीकर नरहरि जरवाल ने शिंदे गुट के विधायकों को नोटिस दिया था। उधर एकनाथ शिंदे गुट ने अपना चीफ व्हिप भरत गोगावले को बनाया था। इसके बाद गोगावले शिवसेना द्वारा सुनील प्रभु को चीफ व्हिप अपॉइंट करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गए। इन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 11 जुलाई को सुनवाई करेगी।

#### शिंदे गुट ने असली शिवसेना होने का किया दावा

शिंदे गुट के पास दो-तिहाई से अधिक विधायकों का समर्थन है। सोमवार को विधानसभा में वोटिंग के दौरान ठाकरे गुट का एक और विधायक शिंदे खेमे में चला गया। इसके साथ ही शिंदे गुट के विधायकों की संख्या बढ़कर 40 पहुंच गई। अब शिंदे गुट ने असली शिवसेना होने का दावा किया है।

शिंदे गुट ने बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर भी दावा किया है। कहा कि उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन कर बालासाहेब की विरासत को धूमिल किया है।

#### शिंदे फ्लोर टेस्ट में भी पास हुए

स्पीकर चुनाव जीतने के बाद एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र विधानसभा में फ्लोर टेस्ट भी जीत गए। फ्लोर टेस्ट सोमवार को हुआ और 164 विधायकों ने एकनाथ शिंदे सरकार के पक्ष में वोटिंग की। 99 विधायकों ने शिंदे सरकार के खिलाफ वोटिंग की। बहुमत के लिए 144 विधायकों की जरूरत थी।

## भारत में मिला कोरोना का नया वैरिएंट

नई दिल्ली। देश में बीते 14 दिन से रोजाना कोरोना के 10 हजार से ज्यादा नए मामले आ रहे हैं। सोमवार को भी 13,086 नए मामले दर्ज किए गए, 24 संक्रमितों की मौत हो गई। इसके साथ ही देश में कोरोना के नए सब-वैरिएंट BA.2.75 ने एक्सपर्ट्स में घबराहट पैदा कर दी है। इजराइल के वैज्ञानिक डॉक्टर शाय फ्लीशोन का दावा है कि भारत के 10 राज्यों में यह सब-वैरिएंट मिला है।

शाय फ्लीशोन ने कहा- अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि BA.2.75 कैसे रिएक्ट करेगा, लेकिन यह खतरनाक हो सकता है। वहीं, इंपीरियल कॉलेज लंदन के वैज्ञानिक



थॉमस पीकॉक का कहना है कि इस नए सब-वैरिएंट पर नजदीक से नजर रखना होगा।

अब तक भारत समेत 8 देशों में इस नए सब वैरिएंट के 85 केस सामने आए हैं। 2 जुलाई तक महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक और हिमाचल में इसके 69 केस मिले। हालांकि, एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि जैसे जैसे वायरस कमजोर पड़ेगा, उसके नए सब-वैरिएंट सामने आते रहेंगे।

देश में फिलहाल एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 112,761 हो गई है। पिछले 6 दिनों से एक्टिव केस का आंकड़ा एक लाख से ऊपर है। इसमें कमी नहीं आ रही है। हालांकि, रविवार के मुकाबले सोमवार को कोरोना के नए मामले में 23 प्रतिशत की कमी देखी गई सोमवार को 12,406 मरीजों ने कोरोना को मात दी, जबकि 19 लोगों की संक्रमण से मौत हो गई। इसके साथ ही देश में अब तक कोरोना से जान गंवाने वाले लोगों का आंकड़ा 5 लाख 25 हजार 242 हो गया है।

#### सबसे ज्यादा केस वाले टॉप-5 राज्य

देश के छह राज्यों में कोरोना के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। इनमें केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं। सबसे ज्यादा मामले केरल और महाराष्ट्र से आ रहे हैं। हालांकि, सोमवार को महाराष्ट्र में नए मामले में 36 प्रतिशत की कमी देखी गई। केरल और तमिलनाडु में रोजाना केस दो हजार से ऊपर आ रहे हैं।

## सात साल की बच्ची से पहले दुष्कर्म, फिर लगाई आग

### दादी आंगनबाड़ी केंद्र में पका रहीं थी खाना, बाहर आरोपी ने की घिनौनी हरकत

मदुरै। तमिलनाडु के थेनी जिले से सात साल की बच्ची के साथ दरिंदगी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। 19 साल के आरोपी ने पहले बच्ची से दुष्कर्म करने की कोशिश की, लेकिन जब बच्ची ने शोर मचाया तो उसे आग के हवाले कर फरार हो गया। बच्ची करीब 65 फीसदी तक जल चुकी है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, बच्ची के माता-पिता दूसरे शहर में रहते हैं। बच्ची अपनी दादी के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसकी दादी आंगनबाड़ी केंद्र पर खाना बनाने का काम करती हैं। पीड़िता तीसरी क्लास में पढ़ रही है। घटना 2 जुलाई सुबह 11 बजे की है। बच्ची की छुट्टी थी। इसलिए दादी उसे अपने साथ आंगनबाड़ी केंद्र ले गईं थीं। वे केंद्र पर खाना बना रहीं थी और बच्ची केंद्र के बाहर खेल रही थी। तभी पीड़िता की चीखने-चिल्लाने की आवाज आई तो दादी दौड़कर बाहर पहुंची। वहां उन्होंने पोती को आग की लपटों के बीच



झुलसते देखा। पीड़ित छात्रा की दादी और अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मिलकर किसी तरह आग बुझाई। बच्ची को इलाज के लिए चिन्नमानूर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे थेनी मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। पीड़िता की हालत को देखते हुए कुछ घंटों बाद ही उसे मदुरै जिले के सरकारी राजाजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

#### लड़की ने कहा- दादी को बता देगी तो आरोपी ने लगा दी आग

सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपी की पहचान विजयकुमार के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि आरोपी लड़की को अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। लड़की ने शोर मचाने लगी और कहा कि वह घटना के बारे में अपनी दादी और आंगनबाड़ी केंद्र के टीचर्स को बताएगी। इसके बाद विजय कुमार ने वहां से कुछ रद्दी पेपर इकट्ठे किए। पहले पेपर फिर लड़की के कपड़ों में आग लगा दी। इसके बाद आरोपी खुद फरार हो गया। पुलिस ने विजयकुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उस पर पॉक्सो एक्ट और हत्या की कोशिश करने के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बीच हवा में स्पाइसजेट विमान के विंडशील्ड में दरार

### मुंबई में उतारा गया; एक दिन में दूसरी बड़ी घटना

मुंबई। स्पाइसजेट के एक विमान को हवा में विंडशील्ड में दरार आने के बाद मुंबई में उतारा गया है। एयरलाइन ने कहा कि गुजरात के कांडला से उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान ने मुंबई में प्राथमिकता के तौर पर लैंड किया गया क्योंकि इसकी बाहरी विंडशील्ड में बीच हवा में दरार आ गई थी। स्पाइसजेट के विमान के साथ दिन में यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने कहा कि स्पाइसजेट की कांडला-मुंबई फ्लाइट 23,000 फीट की ऊंचाई पर थी जब विंडशील्ड का बाहरी हिस्सा टूट गया।

एयरलाइन ने बयान में कहा कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। डीजीसीए अधिकारी ने बताया, स्पाइसजेट के क्यू 400 विमान को हवा में विंडशील्ड में दरार आने के बाद मुंबई में प्राथमिकता के आधार पर उतारा गया। मामले की जांच चल रही है।

एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 23,000 फीट की ऊंचाई पर बीच हवा में उड़ान के दौरान, पी 2 साइड विंडशील्ड आउटरपेन टूट गया। एसोसिएटेड नॉन नॉर्मल चेकलिस्ट एक्शन किए गए। दबाव सामान्य पाया गया। प्राथमिकता लैंडिंग की गई और विमान बीओएम (बॉम्बे) में सुरक्षित रूप से उतरा। इससे पहले दिन में फ्यूल इंडिकेटर में खराबी के कारण स्पाइसजेट की दिल्ली-दुबई फ्लाइट को मंगलवार को कराची की ओर मोड़ दिया गया था। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान से संबंधित इस तरह की यह छठी घटना थी। डीजीसीए मंगलवार की घटना सहित सभी छह घटनाओं की जांच कर रहा है।

#### दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की कराची में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के विमान की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी के मुताबिक विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसके चलते कराची में विमान को उतारना पड़ा। फ्लाइट में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट के इस विमान में 150 से ज्यादा यात्री सवार थे। इन सभी को कराची एयरपोर्ट के लॉन्ज में ठहराया गया है। विमान में आई खामी की इंजीनियरों द्वारा जांच की जा रही है और तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने के बाद ही उड़ान भरी जाएगी। उड्डयन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इंजीनियरों की ओर से क्लियरेंस रिपोर्ट मिलने के बाद ही फ्लाइट को आगे के सफर के लिए रवाना किया जाएगा।

## 'आप' के सामने चुनाव लड़ने से डर रही भाजपा : केजरीवाल

### "मैंने एक बेटे की तरह घर का ख्याल रखा है"

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के सामने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब चुनाव लड़ने से डर रही है और हार के डर की वजह से ही दिल्ली में निगम चुनाव टाल रही है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को 'हार के डर से भाजपा एमसीडी का चुनाव नहीं करा रही' विषय पर अल्प कालीन चर्चा के दौरान कहा कि भाजपा को पता है कि दिल्ली की जनता हमेशा अपने बेटे, अपने भाई (केजरीवाल) के साथ खड़ी रहेगी। मैंने एक बेटे की तरह घर का ख्याल रखा है। अपने भाई-बहनों को पढ़ाता हूं। घर में कोई बीमार हो जाए तो उसका इलाज कराता हूं। ये लोग एमसीडी का चुनाव कराने वाले नहीं है। हमें न्यायालय में जाना पड़ेगा। हम न्यायालय जाएंगे और समय पर एमसीडी का चुनाव करवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले अब धमकी दे रहे है कि दिल्ली में अगला विधानसभा चुनाव ही नहीं होगा और दिल्ली को संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश बनाएंगे। ये लोग केजरीवाल से नफरत करते-करते इस देश से नफरत कर बैठे। अगर देश में चुनाव खत्म कर दोगे और जनतंत्र को खत्म कर दोगे, तो यह देश नहीं बचेगा।



उन्होंने चर्चा का समर्थन करते हुए कहा कि बहुत मन होता है कि काश अगर हमारे पास एमसीडी होती तो हम दिल्ली को साफ कर देते। पिछले 15 साल से भाजपा के पास एनसीडी थी, लेकिन इन्होंने दिल्ली को साफ नहीं किया। अब ये लोग चुनाव भी नहीं करा रहे हैं। इन्होंने सारेआम गुंडागर्दी मचा रखी है कि हम भी काम नहीं करेंगे और तुमको भी नहीं करने देंगे। देखते हैं कि दिल्ली कैसे साफ होती है। ये लोग दिल्ली वालों से बदला निकाल रहे हैं। मैंने इनके एक वरिष्ठ नेता से पूछा कि दिल्ली को साफ करना इतनी बड़ी बात थोड़ी है। दिल्ली को साफ क्यों नहीं करते हैं। इस पर वे कहते हैं कि दिल्ली के सफाई कर्मचारी कामचोर है। भाजपा वाले कहते हैं कि दिल्ली के सफाई कर्मचारी कामचोर है। पहले ये लोग इसी तरह गंदी-गंदी भद्दी गालियां सरकारी स्कूल के शिक्षकों और सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को दिया करते थे। कहते थे कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षक पढ़ाते नहीं है। निकम्मे हैं। शिक्षक स्कूल आते नहीं हैं। आते हैं, तो पेड़ों के नीचे बैठे रहते हैं।

आज वहीं शिक्षक है। हमने तो शिक्षक बदले नहीं। दिल्ली के सरकारी स्कूल में करीब 60 हजार शिक्षक हैं और उन्होंने क्रांति करके दिखा दी। सरकारी अस्पतालों में वही डॉक्टर भी है, हमने तो बदले नहीं। इन्हीं डॉक्टरों ने क्रांति करके दिखा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग फंड का रोना रोते रहते हैं कि दिल्ली सरकार फंड नहीं देती है जबकि हमने सारे फंड दे दिए हैं। अब तो एमसीडी केंद्र सरकार के अधीन आ गई है। अब तो हमारा फंड देना बनता ही नहीं है। अब तो सारा फंड केंद्र सरकार को देना है।

## काली पोस्टर विवाद: लीना के खिलाफ मामला दर्ज

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिल्म निर्माता ने एक डॉक्यूमेंट्री का पोस्टर जारी किया था, जिसमें देवी काली को धूम्रपान करते हुए दिखाया गया है। लीना ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म काली का एक पोस्टर शेयर किया, जिसमें पीछे एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा भी दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा, एक पोस्टर के संबंध में दिल्ली पुलिस को शिकायत मिली है। शुरुआती जानकारी में आईपीसी की धारा 153-ए/295-ए के तहत अपराध किया गया है, जिसके लिए स्पेशल सेल में मामला दर्ज किया गया है। लीना को लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए निंदा का सामना करना पड़ रहा है।

प्रार्थना

### स्कूल में पढ़ने वाले 75 प्रतिशत स्टूडेंट्स मुस्लिम, 9 साल से हाथ बांधकर हो रही प्रेयर

## झारखंड के इस स्कूल में हाथ जोड़कर नहीं होती प्रार्थना

रांची। झारखंड के गढ़वा जिले में एक ऐसा सरकारी स्कूल है जहां पढ़ने वाले बच्चे हाथ जोड़कर नहीं, बल्कि हाथ बांधकर तू ही राम है तू ही रहीम है प्रार्थना करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस स्कूल के अधिकतर बच्चे मुस्लिम समुदाय से आते हैं। गांव में भी 75त्न आबादी मुस्लिमों की ही है। गांव वालों ने इसे लेकर प्रिंसिपल योगेश राम पर दबाव बनाया था।

प्रिंसिपल का आरोप है कि स्थानीय लोगों के दबाव में यह सिलसिला पिछले 9 साल से चल रहा है। ग्रामीणों की जिद के आगे वह मजबूर होकर ऐसा करवा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी इसकी



शिकायत की थी। मामला जब राज्य के शिक्षा मंत्री के पास पहुंचा तो उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच का आदेश दिया।

मंगलवार को ही जिला शिक्षा अधिकारी अपनी टीम के साथ स्कूल पहुंचे और मामले की जांच की। स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं ने भी कहा कि हम लोग हाथ बांधकर प्रार्थना करते हैं, सर बोलते हैं, इसलिए करते हैं। विद्यालय से निकले पूर्व छात्र जहूर ने कहा कि जब हम लोग छोटे थे तो हाथ जोड़कर ही प्रार्थना किया करते थे और हाथ नहीं बांधते थे।

#### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी

राज्य के गढ़वा जिले के स्कूल में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा प्रार्थना बदलवाने के मामले में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जांच का आदेश दिया है। महतो ने इस संबंध में गढ़वा जिले के डिप्टी कमिश्नर को जांच करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह ही उन्हें भी घटना की जानकारी मिली। उसके बाद उन्होंने वहां के DC से फोन पर बात कर उन्हें निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूल में किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं होगा। डीसी के अलावा गढ़वा के एसपी से भी बात हुई है। उन्हें भी इस मामले में ध्यान रखने को कहा गया है। इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। वहीं इस मामले को लेकर कोरवाडीह पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी ने कहा- यह जानकर मैं हैरान हूं। इस गांव में गंगा-जमुनी तहजीब है, स्कूल नियम से चलेगा, किसी के कहने से नहीं, यदि किसी ने इस तरह कुछ कहा है तो हम उसे चिह्नित करेंगे, प्रार्थना और दुआ से इस गांव की बदनामी नहीं होने देंगे।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट, दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में बरसेंगे बादल

एजेंसी

नई दिल्ली। देशभर में अब मॉनसून का असर दिखने लगा है। कई राज्यों में बारिश गर्मी से राहत दिला रही है तो पूर्वोत्तर राज्यों समते बिहार में बाढ़ जन-जीवन प्रभावित कर रही है। मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग का कहना है कि 5,7 और 8 जुलाई को भारी बारिश हो सकती है। वहीं रत्नागिरि और रायगढ़ में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा कि अगले पांच दिन में महाराष्ट्र में भारी से भारी बारिश हो सकती है।

बता दें कि मंगलवार को मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश हुई।



मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटे में मुंबई और आसपास के इलाकों में फिर बारिश के आसार हैं। महाराष्ट्र में बारिश का अलर्ट देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 11 टीमें तैनात की गई हैं।

बता दें कि महाराष्ट्र में कोंकण तट पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

घाट इलाकों में एनडीआरएफ की दो टीमों को तैनात किया गया है। वहीं मुंबई में बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव हो गया। कई जगहों पर यातायात प्रभावित हुआ। रेल यातायात पर भी बारिश का असर पड़ा है।

### यहां हो सकती है भारी बारिश

मौसम विभाग का कहना है कि गुजरात, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, तटीय आंध्र प्रदेशष तेलंगाना, केरल, तटीय कर्नाटक में अगले पांच दिनों में भारी बारिश की संभावना है। गुजरात और मध्य महाराष्ट्र में 7 और 8 जुलाई को तेज बारिश हो सकती है। वहीं हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, सोलम, सिरमौर और मंडी में तेज आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 7 जुलाई को हल्की बारिश होने की संभावना है। स्काईमेट वेदर की मानें तो मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा. छत्तीसगढ़, दक्षिण पूर्व राजस्थान, कोंकण और गोवा, कर्नाटक और गुजरात में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं हिमाचल प्रदेशष जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड औरओडिशा के कुछ हिस्सों में मध्मय से तेज वर्षा हो सकती है। उत्तर प्रदेश, झारखंड, एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

# अयोध्या के राम मंदिर पर बनेगी डॉक्युमेंट्री, 500 साल का संघर्ष और बलिदान आएगा सामने

नई दिल्ली। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के लिए हुए संघर्ष और बलिदान की कहानी को पर्दे पर दिखाने की तैयारी है। राम मंदिर आंदोलन पर डॉक्युमेंट्री बनाई जाएगी, जिसका मकसद इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाना है। डॉक्युमेंट्री में आंदोलन से जुड़ी हर एक कड़ी को दिखाने की कोशिश की जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्युमेंट्री में 1528 से लेकर अब तक राम मंदिर निर्माण से जुड़ी हर एक जरूरी बात को शामिल किया जाएगा। साथ ही इस बात का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा कि तथ्यों में किसी तरह की गलती की गुंजाइश न हो। डॉक्युमेंट्री को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मार्गदर्शन में ही बनाया जा जाएगा।

### डॉक्युमेंट्री में पीएम मोदी की भी होगी भूमिका

यह जानना दिलचस्प है कि इस डॉक्युमेंट्री फिल्म में प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी की भी भूमिका होगी। पीएम मोदी अपने पूरे राजनीतिक करियर में राम मंदिर के लिए लगातार खड़े रहे हैं। बताया जा रहा है कि डॉक्युमेंट्री में पीएम मोदी का मंदिर भूमि पूजन का दृश्य भी शामिल किया जाएगा।



### फिल्म पर प्रसार भारती कर रही काम

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया, प्रसार भारती इस फिल्म पर काम कर रहा है। हमारी कोशिश है कि इसमें हर एक कड़ी को जोड़ा जाए। अगर डॉक्युमेंट्री 1528 से लेकर अब तक के हर दृश्य को दिखाती है तो ही इसे पूरा माना जाएगा। प्रसार भारती की ओर से फिल्म बनाए जाने के बाद हम भी यह देखेंगे कि कोई तथ्य गलत तो नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी किया जाएगा शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्युमेंट्री में सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को भी शामिल किया जाएगा, जिसमें अदालत ने राम मंदिर के हक में फैसला सुनाया था। बताया जा रहा है कि ट्रस्ट के मार्गदर्शन में इस डॉक्युमेंट्री के लिए वीडियोग्राफी का काम शुरू हो चुका है।

## शार्ट न्यूज

### खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा स्थगित

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह खराब मौसम के कारण पहलगाम और बालटाल मार्ग पर अमरनाथ यात्रा अस्थाई रूप से स्थगित कर दी गई है। हिम शिव लिंग की 43 दिवसीय तीर्थयात्रा पिछले सप्ताह शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम के नुनवान और गंदेरबल के बालटाल आधार शिविर से किसी भी तीर्थयात्री को पवित्र गुफा की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है। जून 30 से अबतक करीब 71,000 तीर्थ यात्रियों ने पवित्र गुफा में हिम शिव लिंग के दर्शन किये हैं। अमरनाथ यात्रा 11 अगस्त को समाप्त होगी। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में आज कई जगहों पर मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 से 36 घंटों में कई स्थानों पर रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। यात्रा मार्ग पर आज ज्यादातर बादल छाए रहने की संभावना है।

### राज्यपाल को पूर्व पुलिस महानिदेशक ने अपनी पुस्तक भेंट की

देहरादून। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से मंगलवार को राजभवन में पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल रतूड़ी ने शिष्टाचार मुलाकात कर अपनी पुस्तक भंवर: एक प्रेम कहानी भेंट की। श्री दौरान श्री रतूड़ी ने राज्यपाल को पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस उपन्यास में उन्होंने अपने जीवन में घटित सभी संस्मरणों एवं अनुभूतियों का वर्णन किया है। राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक के जरिए मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का जो प्रयास किया गया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों के साथ-साथ श्री रतूड़ी ने जिस तरह अपनी साहित्यिक अनुभूतियों को बचा कर रखा वह प्रशंसनीय है।

### विधानसभा चुनाव से पहले नगा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाएं : एनटीसी

कोहिमा। नगालैंड ट्राइब्स कौंसिल (एनटीसी) की सलाहकार बैठक में केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया है कि नगालैंड विधानसभा चुनाव 2023 से पहले नगा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाया जाये। एनटीसी मीडिया सेल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस सलाहकार बैठक में चार सूत्री प्रस्ताव पारित किए गए ।एनटीसी ने 30 जून को कोहिमा में आठ आदिवासी होहो के साथ बुलाई गई। बैठक में भी 14 जनजातियों के प्रस्ताव का समर्थन करने का संकल्प लिया गया था ताकि सभी नगा आदिवासी संगठनों के साथ संयुक्त रूप से नगा राजनीतिक समूहों (एनपीजी) की किसी भी बैठक में भाग ले सकें। सलाहकार बैठक 31 मई को कोहिमा में आयोजित अपने सामान्य परिषद सत्र में पारित प्रस्ताव का अनुवर्ती था। जिसमें एनटीसी को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया था और वर्तमान नगा राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ चल रही नगा शांति प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में एनटीसी को मजबूत करने और वर्तमान नगा राजनीतिक स्थिति के ही साथ नगा शांति प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया।

### किन्नी इन्फोटेक के दो निदेशकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

भुवनेश्वर। ओड़िशा में आव्रजन कार्यालय (बीओआई) ने नौकरी के नाम पर सैंकड़ों लोगों से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखधड़ी करने वाले मैसर्स किन्नी इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के दो निदेशकों भीखू विश्नोई तथा मणिकंनद के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दोनों निदेशकों को लुकआउट नोटिस भुवनेश्वर की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के आग्रह पर भारतीय दंड संहिता और सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार कंपनी में बड़ी संख्या में बेरोजगार लोगों ने नौकरी की उम्मीद में करोड़ों रुपये का निवेश किया था, लेकिन आरोपियों ने कार्यालय बंद कर दिया और भाग गए। ये दोनों आरोपी कई अन्य कंपनियों में भी निदेशक थे। उन्होंने बताया कि अब तक मैसर्स किन्नी इंफोटेक के चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है और स्थानीय अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### बेअदबी करवाने वाले और गोली चलाने के आदेश देने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : कंग

चंडीगढ़। पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) ने पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों पर बेअदबी मामले एवं कोटकपूरा और बहबल कलां गोलीकांड के दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। आप के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने मंगलवार को कांग्रेस और अकाली दल पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों पार्टियों की 'मैच फिक्सिंग' के कारण आज तक बेअदबी और गोलीकांड मामले के दोषियों को नहीं पकड़ा जा सका है, जिसके कारण सिख संगत को आज तक इंसाफ का इंतजार है। श्री कंग ने कहा कि मान सरकार की गंभीरता के कारण सोमवार को पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में बेअदबी मामले के आरोपी पूर्व पुलिस अधिकारियों की याचिका खारिज हुई। मान सरकार ने बेहद मजबूती के साथ न्यायालय के सामने सरकार का पक्ष रखा। कंग ने कांग्रेस पर आरोप लगाया पिछली सरकार ने जानबूझकर न्यायालय में मामले को कमजोर किया था, ताकि आरोपी आसानी से छूट सकें। श्री ने कहा कि बेअदबी और गोलीकांड मामले में किसी भी आरोपियों को क्लीन चिट नहीं मिला है। जिन लोगों को लगता है कि वे बरी हो गए हैं, तो वे गलतफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भी सिख संगतों पर गोली चलाने के आदेश दिए और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करवाई। आप सरकार उन्हें किसी कीमत पर नहीं बख्शेगी। सरकार इस मामले की गंभीरतापूर्वक जांच कर रही है। इस मामले के सभी दोषी जल्द पकड़े जाएंगे। श्री कंग ने अकाली दल और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि शिरोमणि अकाली दल के शासनकाल में जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी और निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी हुई।

# सोशल मीडिया पर सख्ती करने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने वाले कंटेंट और रेग्युलेशन को लेकर कई बार गंभीर सवाल उठाए जा चुके हैं। वहीं नूपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद सोशल मीडिया को लेकर आलोचनात्मक बहस और तेज हो गई है। नूपुर शर्मा को लेकर टिप्पणी करने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जज पर भी सोशल मीडिया पर कई तरह के कमेंट किए गए। जिसके बाद उन्होंने खुद कहा कि सरकार को सोशल मीडिया रेग्युलेट करने पर विचार करना चाहिए। इसी सवाल पर सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा



कि सोशल मीडिया की जिम्मेदारी तय करने को लेकर काम तेजी से चल रहा है।

उन्होंने कहा, सोशल मीडिया एक बहुत ही पावरफुल मीडियम है। सोशल मीडिया का जीवन में बहुत बड़ा प्रभाव है। इसकी जिम्मेदारी कैसे तय की जाए? यह सवाल दुनिया में सब जगह बहुत बड़ा बन गया है। दुनियाभर में देश और सोसाइटी इस दिशा में चल रही हैं कि कैसे इसे जिम्मेदार बनाया जा।

अश्विनी वैष्णव ने कहा, ऐसा करने के लिए सबसे पहले तो सेल्फ रेग्युलेशन होना चाहिए। किस तरह से खुद ही कुछ ऐसे कंटेंट हटाए जाएं जिनसे समाज में बुरा असर पड़ता है। इसके बाद इंडस्ट्री रेग्युलेशन और फिर गवर्नमेंट रेग्युलेशन होना चाहिए। हर जगह एक ऐसा इकोसिस्टम और थॉट प्रॉसेस बन रहा है कि सोशल मीडिया को रेग्युलेट करना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप मेहनत करते हैं तो सोशल मीडिया का रेवेन्यू आपके पास भी आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की अकाउंटबिलिटी तय करने का काम तेजी से चल रहा है और देश में भी इसपर काम हो रहा है। बता दें कि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार सोशल मीडिया पर नकेल कसने की तैयारीकर रही है। नियमन की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मनमानी करना आपको मुश्किल में डाल सकता है।

# प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में पौने दो लाख का गबन

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में नोहर थाना क्षेत्र के गांव फेफाना में एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में तीन फील्ड ऑफिसरों द्वारा लगभग पौने दो लाख का गबन करने का मामला सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड की फेफाना शाखा के प्रबंधक राजकुमार मेघवाल निवासी साहूवाला थाना भिरानी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर कंपनी के तीन फील्ड ऑफिसर विकास धानका निवासी भैरूछानी थाना भिरानी,बेअंतसिंह निवासी बेहमान दीवाना जिला बठिंडा (पंजाब) और रणधीर बाजिया निवासी साहूवाला थाना भिरानी के विरुद्ध एक लाख 74 हजार 103 रुपए के गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। ब्रांच मैनेजर राजकुमार ने बताया कि उसकी फाइनेंस कंपनी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के स्वयं सहायता समूह को ऋण देने का काम करती है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट के जज को मिली 'ट्रांसफर की धमकी'; राहुल गांधी बोले- डरो मत



नई दिल्ली। कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज को मिली कथित धमकी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संस्थाओं पर भाजपा द्वारा बुलडोजर चलाया जा रहा है। राहुल गांधी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कर्नाटक में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को धमकी मिली है। कर्नाटक हाईकोर्ट के जज एचपी संदेश ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें तबादले की धमकियां दी जा रही हैं। उनका कहना है कि एंटी करप्शन ब्यूरो औऱ ष्ठत्नक्कको लेकर की गई टिप्पणियों के चलते धमकियां मिली हैं।

इस मामले पर राहुल गांधी ने जज का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, कर्नाटक में बीजेपी की भ्रष्ट सरकार का पर्दाफाश करने के लिए हाई कोर्ट के एक जज को धमकी दी गई है। संस्था दर संस्था भाजपा द्वारा बुलडोजर चलाया जा रहा है। हममें से प्रत्येक को निडर होकर अपना कर्तव्य निभाने वालों के साथ खड़ा होना चाहिए। हैशटैग डरो मत।

उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने एसीबी को कलेक्शन सेंटर बताने पर सोमवार को तबादले की धमकी मिलने का दावा किया था।

# माउंट आबू में हल्की बारिश, खुशनुमा मौसम से पर्यटक हुए आनंदित

माउंट आबू। राजस्थान के माउंट आबू की वादियों में चारों ओर छाई हरियाली, हल्की बारिश के बीच आसमान से जमीं पर उतरते बादल, पहाडि़यों को अपने आगोश में लेती लहराती इठलाती धुंध के मनोहारी दृश्यों का दर्शन कर पर्यटन को आए सैलानी अभिभूत हो उठे। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल पर रूक-रूक कर हुई हल्की बारिश से मौसम में ठंडक बनी रही। पर्यटकों ने मंगलवार सवेरे सडक़ों, बाजारों में धुंध के बीच चहलकदमी करते हुए मौसम का आनंद लिया। वहीं वाहनचालकों को लाईटें जलाने के बावजूद धुंध के बीच वाहन ड्राईव करने में असुविधा हुई। बारिश के चलते शहर में कई स्थानों पर सडक़ों में पड़े गड्ढों में पानी भरा रहा।

# औरंगजेब की वजह से बढ़ी महंगाई, बेरोजगारी के लिए शाहजहां जिम्मेदार; ओवैसी का तंज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आज देश में महंगाई और बेरोजगारी का कारण मुस्लिम हैं। अगर शाहजहां ने ताजमहल नहीं बनवाया होता तो आज पेट्रोल की कीमत ?40 प्रति लीटर होता। पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि आज उन्हें एक आंख में मुगल दिखता है और दूसरी आंख में पाकिस्तान।

एआईएमआई प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ दल भाजपा आज देश की सभी समस्याओं के लिए मुगलों और मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराती है।



एक जनसभा में कहा, देश में युवा बेरोजगार हैं, महंगाई बढ़ रही है, डीजल रू102 प्रति लीटर बिक रहा है, वास्तव में औरंगजेब इस सब के लिए जिम्मेदार है न कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। बेरोजगारी के लिए सम्राट अकबर जिम्मेदार है। पेट्रोल इतना महंगा इसलिए बिक रहा है क्योंकि शाहजहां ने ताजमहल बनवाया था।

ओवैसी आगे कहते हैं, अगर शाहजहां ने ताजमहल नहीं बनवाया होता, तो आज पेट्रोल 40 रुपए में बिकता। प्रधानमंत्री जी, मैं स्वीकार करता हूं कि उसने (शाहजहां ने) ताजमहल और लाल किला बनवाकर गलती की थी। उसे उस पैसे को बचाकर आपके लिए बचाकर रखना था। क्योंकि उसे मालूम नहीं था कि 2014 में मोदी जी आने वाले हैं। देश के हर मुद्दे पर वे कहते हैं कि मुसलमान जिम्मेदार हैं, मुगल जिम्मेदार हैं।

### एक आंख में मुगल और दूसरी आंख में पाकिस्तान

उन्होंने कहा, क्या केवल मुगलों ने भारत पर शासन किया? अशोक ने नहीं? चंद्रगुप्त मौर्य ने नहीं? लेकिन भाजपा केवल मुगलों को देख सकती है। वे एक आंख में मुगल देखते हैं, दूसरी में पाकिस्तान।

# दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की कराची में इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के विमान की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। जानकारी के मुताबिक विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई थी, जिसके चलते कराची में विमान को उतारना पड़ा। फ्लाइट में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट के इस विमान में 150 से ज्यादा यात्री सवार थे। इन सभी को कराची एयरपोर्ट के लॉन्ज में ठहराया गया है। विमान में आई खामी की इंजीनियरों द्वारा जांच की जा रही है और तकनीकी गड़बड़ी को दूर करने के बाद ही उड़ान भरी जाएगी। उड्डयन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक इंजीनियरों की ओर से



क्लियरेंस रिपोर्ट मिलने के बाद ही फ्लाइट को आगे के सफर के लिए रवाना किया जाएगा।

इस बीच एक अहम जानकारी सामने आई है कि बीते 17 दिनों में यह छठा मौका है, जब स्पाइसजेट के एयरक्राफ्ट में तकनीकी खामी सामने आई है। आज की घटना के साथ ही उड्डयन महानिदेशालय ने पहले हुई 5 घटनाओं की भी जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने कहा कि स्पाइसजेट का जब बोइंग 737 मैक्स एयरक्राफ्ट दिल्ली से दुबई के सफर में था तो उसके फ्यूल टैंक में गड़बड़ी सामने आई। बाएं फ्यूल टैंक में अचानक ही ईंधन कम बताने लगा और विमान के हवा में होने के चलते पायलटों की चिंता बढ़ गई। ऐसी स्थिति में विमान की कराची एयरपोर्ट में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

### पाकिस्तान बोला- मानवीय आधार पर दी विमान उतारने की परमिशन

अथॉरिटी की ओर से कहा गया कि कराची में जब जांच की गई तो लेफ्ट टैंक से फ्यूल लीक का कोई सबूत नहीं मिला। पाकिस्तान के उड्डयन विभाग ने भी स्पाइसजेट एयरक्राफ्ट की इमरजेंसी लैंडिंग की जानकारी दी है। पीसीएए के अधिकारी ने कहा, फ्लाइट के पायलट ने कंट्रोल टावर से उस वक्त संपर्क किया, जब विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि विमान में कुछ तकनीकी खामी आ गई है, इसके चलते इमरजेंसी लैंडिंग करनी होगी। हमने मानवीय आधार पर कराची एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग की परमिशन दी। इससे पहले मार्च 2021 में भी ऐसा ही वाकया सामने आया था, जब शारजाह से लखनऊ आ रहे विमान को मेडिकल इमरजेंसी के चलते कराची एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा था।

# केरल : मंत्री के संविधान विरोधी बयान पर राजभवन ने मांगा जवाब

तिरुवनंतपुरम। केरल राजभवन ने मंगलवार को राज्य के मत्स्य पालन एवं संस्कृति मंत्री साजी चेरियन की भारतीय संविधान के खिलाफ टिप्पणी के बारे में और विवरण मांगे।

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी इस मुद्दे पर मंत्री से स्पष्टीकरण मांगा है।

श्री चेरियन ने सोमवार को पथानामथिट्टा के मल्लापल्ली में एक कार्यक्रम में कहा था कि भारतीय संविधान लोगों को लूटने और मजदूरों का शोषण करने की अनुमति देता है। उन्होंने दावा किया था कि भारत के लोगों ने वह संविधान लिखा, जिसे अंग्रेजों ने निर्देशित किया था।

मंत्री ने कहा, पिछले 75 वर्षों से लागू इस संविधान के बारे में अगर कोई बोलता है, तो मैं उससे सहमत नहीं हूं। मैं कहूंगा कि यह संविधान लोगों और मजदूरों को लूटने की इजाजत देता है। संविधान में धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे शब्द लिखे गए हैं, लेकिन इसका मकसद आम लोगों का शोषण करना है। भारत एक ऐसा देश है जो श्रमिकों की हड़ताल को भी स्वीकार नहीं करता है और ऐसा संविधान के कारण है।

उन्होंने कहा,अंबानी और अडानी ने तरक्की की हैं और उन्हें भारतीय संविधान द्वारा संरक्षण दिया गया है।

# सीमावर्ती एवं कंडी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए व्यापक योजना का एलान

अमृतसर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राज्य के सीमावर्ती एवं कंडी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए व्यापक रूप-रेखा तैयार करने का एलान किया है।

मुख्यमंत्री आज यहाँ भगवान वाल्मीकि धुन्ना साहिब ट्रस्ट द्वारा भगवान वाल्मीकि तीर्थ में लव-कुश और गुरु ज्ञाननाथ के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित करवाए गए समारोह में शिरकत करने आए थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अफ़सोस ज़ाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों द्वारा लगातार इन दोनों क्षेत्रों को अनदेखा करने के कारण यह क्षेत्र विकास के क्षेत्र में काफ़ी पिछड़ गए हैं। श्री मान ने कहा कि उनकी सरकार इन दोनों क्षेत्रों के विकास पर और ज्यादा ज़ोर देगी। उन्होंने कहा कि इस मंतव्य के लिए विस्तृत योजना बनाई जाएगी, जिससे आने वाले समय में इन क्षेत्रों का रूप संवारा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में सीमा पार से हो रही घुसपैठ को रोकने के लिए पूरी तरह से संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस इस मकसद के लिए सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) और अन्य एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में है। श्री मान ने सीमा पार से नशीले पदार्थों एवं हथियारों की आपूर्ति कड़ी को तोड़ने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में लोगों के साथ किए गए सभी वादे पूरे करेगी।

### उदयपुर हत्याकांड विरोध में रामगढ बंद रहा सफल

अलवर। राजस्थान में उदयपुर के कन्हैया लाल दर्जी की हत्या के विरोध में सर्व समाज और व्यापार मण्डल के आह्वान पर मंगलवार को अलवर जिले का रामगढ कस्बा का पूरी तरह बंद सफल रहा। बंद के दौरान प्रात: नौ बजे से ही भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के द्वारा रामगढ तहसील से शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकाली गई। रैली के दौरान हत्यारों को फांसी दो, फांसी दो के नारे लगाए गए। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए क्युआरटी टीम और पुलिस जाप्ता रैली के साथ साथ मौजूद रहा ।इसके बाद रैली में आए लोगों द्वारा तहसील परिसर के बाहर रंगमंच पर बैठ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

# अभिनेत्री हमले में केरल हाईकोर्ट ने सात दिन में मांगी मेमोरी कार्ड की फोरेंसिक रिपोर्ट

तिरुवनंतपुरम। केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्य सरकार की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें 2017 में मलयालम अभिनेत्री पर हुए कथित हमले से जुड़े वीडियो के मेमोरी कार्ड की फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की गई थी।

अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि यह जांच संबंधित मामले में मुकदमे को लंबा खींचने का कारण नहीं बननी चाहिए, जिसमें अभिनेता दिलीप आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति बेचू कुरियन थॉमस ने मेमोरी कार्ड को फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजने के अभियोजन पक्ष के अनुरोध को ठुकराने के निचली अदालत के आदेश को खारिज कर दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि डिजिटल दस्तावेज दो दिनों के भीतर राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजे जाएं और रिपोर्ट की प्रति सात दिनों के अंदर सीलबंद लिफाफे में जमा करायें।

मामले की जांच कर रही अपराध शाखा ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था, जिससे मुकदमे के दौरान अदालत से कथित तौर पर सबूत लीक होने के मामले की जांच रुक गई थी।

अपराध शाखा ने कहा था कि अदालत ने मेमोरी कार्ड फॉरेंसिक प्रयोगशाला के पास भेजा था, लेकिन इसकी 'हैश वैल्यू' बदली हुई थी।

आरोपी अभिनेता दिलीप ने पहले अपराध शाखा के आरोपों का खंडन किया था कि उनके पास यौन शोषण मामले के दृश्य हैं।

अपराध शाखा ने आरोप लगाया कि नौ जनवरी और 13 दिसंबर, 2018 को दो बार मेमोरी कार्ड के विजुअल एक्सेस किए गए।

न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ ने अपराध शाखा को 15 अप्रैल से पहले जांच पूरी करने का आदेश दिया था, लेकिन, जांच एजेंसी ने और समय मांगा और 30 मई तक का समय दिया, जिसे फिर से बढ़ा दिया गया।

निचली अदालत ने मेमोरी कार्ड से कथित छेड़छाड़ के संबंध में जांच रोक दी थी, जिसके खिलाफ अपराध शाखा ने उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय युवा कांग्रेस ने आज राजधानी दिल्ली की सड़कों पर भाजपा के आतंकवादी कनेक्शन को दर्शाते हुए अलग अलग जगह बैनर लगाए

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने उदयपुर हत्याकांड के आरोपी रियाज और जम्मू से पकड़े गए आतंकवादी तालिब के भाजपा के साथ संबंधों के बैनर राजधानी दिल्ली की अलग अलग जगहों पर लगाए है। भाजपाइयों का सिर्फ उद्योगपतियों से ही नहीं बल्कि आतंकियों से भी सांठगांठ है। राजधानी दिल्ली की सड़कों पर भाजपा के आतंकियों से रिश्ते को दर्शाता बैनर इसलिए लगाया गया है ताकि देश इन छद्म राष्ट्रभक्तों की हकीकत को जान सके। आज ये बैनर राजधानी की सड़कें पर है, कल देश के गली-मोहल्ले व चौराहे पर होंगे। क्योंकि जवाब भाजपा को देना होगा, कि ये राष्ट्रवाद है या आतंकवाद.. ??

### थाना बीटा टु पुलिस ने एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, मोटरसाइकिल सहित गांजा बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा टु पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर राकेश पुत्र उदयवीर निवासी वर्तमान पता ग्राम नवादा थाना बीटा टु ग्रेटर नोएडा स्थाई पता गांव फाजीपुर थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर को नवादा गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 100 ग्राम गांजा, एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल डिस्कवर नंबर यूपी 16 एआर 0787 बरामद की है।गौरतलब है कि उपरोक्त अभियुक्त जेपी ग्रीन तिराहे पर चैकिंग कर रही पुलिस टीम द्वारा रोकने पर फायरिंग करके भागने लगा था। जिसे पुलिस द्वारा नवादा गोलचक्कर से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का गांजा तस्कर है। जिसके विरूद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस कमिश्नर ने सभी पुलिस अधिकारीगणों के साथ किया पौधरोपण



**नोयडा।** शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर में चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अनुपालन में मंगलवार को पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा अन्य सभी पुलिस अधिकारीगण के साथ पुलिस लाइन में पौधरोपण किया गया। पूरे प्रदेश भर में वन महोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में 25 करोड़ पौधों का रोपण किया जायेगा। इसी क्रम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस द्वारा 12,800 पौधारोपण के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार, अपर पुलिस आयुक्त भारती सिंह व अन्य अधिकारीगण के साथ पुलिस लाइन में पौधों का रोपण किया गया। उनके साथ पुलिस लाइन परिसर में रह रहे बच्चो द्वारा भी उक्त कार्यक्रम में बढ़ चढकर हिस्सा लिया गया एवं बच्चो द्वारा भी अधिकारीगण के साथ पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने के पश्चात पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी लोगों से अपील करते हुए संदेश दिया गया कि सभी लोग नियमित रूप से अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास पौधरोपण करे जिससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके और प्रकृति का संतुलन भी बना रहे। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशानुसार सभी पुलिस कार्यालयों, थानों, फायर स्टेशन व चौकियों पर भी सम्बन्धित पुलिस अधिकारीगण द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए परिसर व आस-पास की जगहों पर पौधरोपण किया गया। उनके द्वारा आसपास के लोगों को भी पौधरोपण से होने वाले फायदों के बारे में बताया गया व उनको ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूक किया गया। अभी तक पूरे कमिश्नरेट में तय लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हो चुका है एवं सप्ताह भर तक निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण करने का प्रयास किया जायेगा।

### मॉनसून सत्र के दूसरे दिन दिल्ली विस में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन की सदन की कार्यवाही काफी हंगामेदार रही। अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की मदद के लिए विधायकों द्वारा पत्र लिखने पर चर्चा का विरोध करने के बाद भाजपा विधायकों को मंगलवार को मार्शलों के जरिए दिल्ली विधानसभा से बाहर कर दिया गया। आप विधायकों के दिल्ली परिवहन निगम कर्मचारियों के ट्रांसफर और नियुक्ति मामले को लेकर केंद्र की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने के कारण सदन की कार्यवाही मंगलवार को कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गई। 10 मिनट के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही के फिर से शुरू होने के बाद डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला ने डीटीसी ड्राइवरों की पोस्टिंग के लिए पत्र लिखने के आरोपों के बाद आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर बहस की अनुमति दी। आप विधायक संजीव झा ने यह मुद्दा उठाया था, जिन्होंने कहा था कि वे जनप्रतिनिधि होने की हैसियत से पत्र लिखते हैं। यह देखते हुए कि झा द्वारा उठाया गया मुद्दा गंभीर था, बिड़ला ने इस पर बहस की अनुमति दी। हालांकि, भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने इस मुद्दे पर बहस करने का विरोध करते हुए कहा कि बहस के लिए एक प्रस्ताव लाने की जरूरत है।

### ऑटो रिक्शा में बैठाकर सवारियों को लूटने वाले गैंग का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार, 2 फरार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की मसूरी थाना पुलिस ने सवारियों से लूटपाट करने वाले ऑटो गैंग का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, गैंग के दो सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार बदमाशों के पास सवारियों से लूटे गए चार मोबाइल फोन के अलावा दो चाकू भी बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि गैंग अधिकांश वारदातों को रात में अंजाम देता था। मसूरी में डहर के पास रहने वाले योगेश ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि 14 जून की रात करीब नौ बजे वह विजयनगर बाईपास से मसूरी आने के लिए एक ऑटो में बैठा था। ऑटो में तीन लोग पहले से बैठे थे। रास्ते में ऑटो सवार लोगों ने चाकू दिखाकर योगेश का मोबाइल फोन और 15 सौ रुपये लूट लिए और जेल रोड से आगे ऑटो से फेंककर फरार हो गए। मसूरी थाना एसएचओ रविंद्र चंद पंत ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर ऑटो गैंग की तलाश शुरू कर दी गई थी। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर ऑटो का नंबर ट्रेस हुआ, जिसके बाद मंगलवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान नंदग्राम ई-ब्लॉक निवासी आदित्य पांचाल उर्फ आदिल (22), कुलदीप (20) और शेट्टी जाटव (20) के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल, दो चाकू व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद कर लिया गया है। गैंग में टेंपो स्टैंड नंदग्राम निवासी साहिल और निक्की भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के दबिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी जगह बदल-बदल कर वारदात को अंजाम देते थे। इंदिरापुरम, कौशांबी, विजयनगर, पुराना बस अड्डा, नया बस अड्डा आदि स्थानों से सवारियों को बैठाने के बाद सुनसान इलाके में चाकू के बल पर लूटपाट करते थे।

# अपनी नीतिगत अंतर्दृष्टि वाले नेता हैं मोदी: एस जयशंकर

## डीयू में 'मोदी@20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पर चर्चा में केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रखे विचार









**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मोदी@20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी पुस्तक पर एक विशेष वार्तालाप का आयोजन किया गया। मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के वाईस रीगल लॉज के कन्वेंशन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। विश्वविद्यालय द्वारा शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान आयोजित होने वाले आयोजनों के तहत ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान उक्त पुस्तक पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि एस.जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी नीतिगत अंतर्दृष्टि वाले नेता हैं।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक मौजूदा प्रधानमंत्री की जीवनी नहीं है बल्कि एक ऐसी असाधारण किताब है जिसे मौजूदा कैबिनेट मंत्री और मौजूदा एनएसए से लेकर सभी क्षेत्रों के लोगों ने एक साथ मिलकर लिखा है।

उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में एक मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक शासन की यात्रा को आगे बढ़ाने वाले नेतृत्व की एक पीढ़ी को कवर किया गया है। इस दौरान जयशंकर ने इस पुस्तक में संग्रहित न केवल उनके अपने स्वयं के लेखन से, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एनएसए अजीत डोभाल के लेखों के अंशों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पुस्तक के कथानक के साथ मोदीजी का व्यक्तित्व बदल जाता है- आज उन्होंने जो अंश प्रस्तुत किए हैं, वे उनके व्यक्तित्व का एक पक्ष दिखाएंगे और यदि वह पीवी सिंधु या सुधा मूर्ति के लेखन से पढ़ेंगे तो परिप्रेक्ष्य पूरी तरह से बदल जाएगा।

जयशंकर ने अमित शाह के शब्दों का सहारा लेते हुए कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं को तब राष्ट्रीय नेता माना जाता था, लेकिन आजादी के बाद के वर्षों में नेता की वह परिभाषा कमजोर होती गई। अब मोदीजी हैं जो एक राष्ट्रीय नेता का उदाहरण बने हैं। इसके अलावा, गठबंधन में, उन्होंने अमित शाह के विचारों को प्रतिध्वनित करते हुए कहा कि यह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का समझौता है और भारतीय लोकतंत्र पर एक स्थायी अभिशाप है।

गुजरात में मोदीजी के काम को एक प्रतिबिंब के रूप में लेते हुए उन्होने कहा कि एक मुख्यमंत्री के रूप में मोदीजी चुनावी चक्र के अनुसार चुनाव को ध्यान में रख कर काम नहीं कर रहे थे, बल्कि गुजरात को अगले दशक और आने वाली पीढ़ी के लिए एक राज्य बनाने की दृष्टि से काम कर रहे थे।

जयशंकर ने अमित शाह और अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में जब भी कोई भारतीय संकट में होता है तो उसके लिए मोदीजी सुलभ और भरोसेमंद रहे। यह माना जाता था कि वह परिवार के मुखिया और भरोसेमंद बड़े भाई की तरह हैं, जिसमें भारत की आशाएं और आकांक्षाएं निहित हैं। वह दुनिया भर में भारत और भारतीयों के प्रहरी बन गए हैं और अब मोदी पे भरोसा का युग शुरू हो गया है।

पुस्तक में अपने स्वयं के लेखों के अंशों के माध्यम से जयशंकर ने कहा कि मोदी नई सोच, नए विचारों और सुधारों के युग को सिस्टम में लाए हैं। उन्होने कहा कि जब मोदी को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नौसिखिया माना जाता था, तब उन्होने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में ही पड़ोसी देशों के वैश्विक नेताओं को अतिथि के रूप में आमंत्रित करके दुनिया को संदेश दे दिया था।

इससे विदेशी संबंधों और कूटनीति के एक नए युग की शुरुआत हुई। उन्होने कहा कि मोदी अपनी खुद की नीतिगत अंतर्दृष्टि वाले नेता हैं और अनजान रास्ते पर चलने से कभी नहीं डरते।

इसके अलावा वह पूरी तरह से रिसर्च आधारित चर्चाओं में विश्वास करते हैं इसलिए उनके साथ किसी भी मसले पर उचित बैकराउंड रिसर्च के बिना चर्चा करना आसान नहीं है।

# आप सरकार भागी आम समस्याओं पर चर्चा से : बिधूड़ी

## मोदी जी के कार्यकाल में बन रहा है दिव्य-भव्य राम मंदिर

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार एक बार फिर जनता की समस्याओं पर चर्चा करने से घबरा गई। इसीलिए उसने निराधार आरोपों पर निंदा प्रस्ताव तक पेश कर दिया।

विधानसभा की बैठक में मंगलवार को आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली में 53 मंदिरों को तोड़ने के प्रस्ताव पर लाए गए निंदा प्रस्ताव का नेता प्रतिपक्ष ने पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में अयोध्या में दिव्य और भव्य मंदिर बन रहा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने मंदिर निर्माण की शुरुआत के समय इसका विरोध किया था। यही नहीं, काशी धाम में भव्य और दिव्य मंदिर के निर्माण के अलावा सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार का कार्य भी तेजी से चल रहा है। हजारों लोग वहां दर्शनों के लिए जा रहे हैं। मोदी जी के मार्गदर्शन में पूरे देश की यह भावना है कि मथुरा में श्री कृष्ण जन्म भूमि पर भी मंदिर निर्माण होना चाहिए। हमें मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहिए कि उनके प्रयासों से ही करतारपुर साहिब कॉरिडोर खुल सका और अब श्रद्धालु वहां जाकर अपनी मनोकामना पूरी कर रहे हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि मोदी सरकार ने संत रविदास के मंदिर निर्माण के लिये जमीन उपलब्ध करा दी है और जल्दी ही मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा करके इस जमीन पर संत रविदास के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। बिधूड़ी ने स्पष्ट किया कि हम कोई श्रेय नहीं ले रहे क्योंकि यह संत रविदास में हमारी आस्था का सवाल है।

उन्होंने कहा कि आप सरकार पर यह कलंक है कि उसने चांदनी चौक के रिडिवेलपमेंट के नाम पर वहां बना प्राचीन हनुमान मंदिर गिरवा दिया। श्रद्धालुओं ने वहां फिर से मंदिर का निर्माण किया है और पूजा-अर्चना जारी है। आप सरकार को इसके लिए खेद व्यक्त करना चाहिए।

बिधूड़ी ने कहा कि एक बार फिर आप सरकार जनता की मूल समस्याओं पर चर्चा करने से भाग रही है। विपक्ष दिल्ली में बिजली, पानी, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चर्चा करना चाहता है लेकिन आम आदमी पार्टी के पास इन समस्याओं पर कोई जवाब नहीं है तो वह निराधार आरोपों पर ही सदन का समय बर्बाद करने पर तुली हुई है।

### दिल्ली में 12 साल की रिश्तेदार से रेप, गर्भवती करने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में एक रिश्तेदार की 12 वर्षीय बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और उसे गर्भवती बनाने के आरोप में एक 16 वर्षीय किशोर को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, किशोरी ने पिछले साल नवंबर में उस समय बलात्कार किया था, जब वह अपने एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए दिल्ली आया था और उसके घर पर रुका था। हाल ही में, पीड़ित लड़की को पेट में दर्द होने लगा और उसकी मां जब उसे चेकअप कराने के लिए अस्पताल ले गई तो जांच में लड़की के गर्भवती होने की जानकारी मिली। मासूम बेटी के गर्भवती होने की बात सुनकर लड़की की मां सन्न रह गई। मां ने जब बेटी से रेप की घटना के बारे में पूछा तो उसने सारी आपबीती सुनाई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस द्वारा इस संबंध में आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार की सजा) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) एक्ट के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने सोमवार को रेप के आरोपी 16 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया गया था।

## कृष्णा नगर विधान सभा में भाजपा ने मंडलो में की कार्यकारिणी बैठक



नई दिल्ली। कृष्णा नगर विधान सभा के कृष्णा नगर मंडल, अनारकली मंडल , घोंडली मंडल , में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संगठन को मजबूत करने के लिए की गयी। जिसमे संगठन को मजबूत करने के लिए हर बूथ पर 5 नए सदस्य और हर मंडल में 200 नए सदस्य जोड़े जायेगे। डॉ अनिल गोयल जी ने कहा मोदी सरकार ने कन्याओ के लिए सुकन्या योजना एवं सुनिधि योजना चलायी है। वही किसानो के लिए किसान सम्मान निधि योजना में 6000 रूपये वार्षिक दिए जा रहे है। व्यवसाय के लिए मुद्रा योजना के तहत लोन दिया जा रहा है। विधवाओं के लिए विधवा पेंशन योजना है। सस्ती दवाओं के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए है। किसानो के लिए हेल्थ कार्ड बनाये गए है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना जनता के लिए बनायीं गयी है। भाजपा की राजनीती मूल्य आधारित है। भाजपा का हर कार्यकर्ता जन सेवा में दिन रात लगा है इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश जिला महा मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी जिलाध्यक्ष श्री राम किशोर शर्मा जी , मंडल अध्यक्ष श्री कुश बिंद्रा जी , महा मंत्री श्री राजेश चड्ढा जी एवं महा मंत्री श्री हितेश गिरी जी उपस्थित रहे।

### दिल्ली में कोरोना के बाद डेंगू का बढ़ा डर, बीते साल से चार गुना अधिक मरीज

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम डेंगू के बढ़ते मामलों को रोक नहीं पा रहा है। गत वर्ष के मुकाबले इस साल जनवरी से लेकर दो जुलाई तक डेंगू के 143 मामले सामने आए हैं। बीते साल इस अवधि में 36 मामले थे। इस बार डेंगू के मामलों की संख्या बीते साल की तुलना में चार गुना के करीब है। निगम द्वारा सोमवार को डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया की रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी से दो जुलाई तक डेंगू के 143 मामले सामने आए हैं। बीते साल इस अवधि में डेंगू के सिर्फ 36 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मलेरिया के जनवरी से लेकर दो जुलाई तक 27 मामले सामने आए हैं। बीते साल इस अवधि में 11 मामले थे। चिकनगुनिया के आठ मामले अब तक सामने आ चुके हैं, जबकि बीते साल उक्त अवधि तक छह मामले आए थे।

## डीटीयू में कुलपति ने किया कैफेटेरिया और कंप्यूटर सैंटर का उद्घाटन

**विवेक राय गौरवशाली भारत**




नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक कैफेटेरिया और एक नया कंप्यूटर सैंटर शुरू किया गया है। मंगलवार को डीटीयू कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने रिबन काटकर इन दोनों सुविधाओं की विधिवत्त शुरुआत की। कैफेटेरिया प्रज्ञा भवन का उद्घाटन करने के उपरांत उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय में अच्छा शैक्षणिक माहौल होने के साथ विद्यार्थियों के लिए खानपान की भी उचित व्यवस्था होना जरूरी है। उन्होने पूरे कैफेटेरिया का जायजा भी लिया व खुशी जताते हुए कहा कि डीटीयू विद्यार्थियों के लिए यह काफी लाभदायक साबित होगा। डीटीयू के चीफ प्रोजेक्ट आफिसर प्रो. अमित श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैफेटेरिया के निर्माण में लगभग 50 लाख रुपए की लागत आई है जिसमें रसोई के उपकरणों से लेकर एसी व फर्नीचर आदि सब कुछ शामिल है। उन्होने बताया कि इसके अंदर लगभग 5 दर्जन लोगों के बैठने की क्षमता है जबकि बाहर पार्क में भी काफी लोग बैठ सकते हैं। इसका निर्माण किसी ठेकेदार द्वारा नहीं बल्कि डीटीयू के इंजीनियरिंग सेल द्वारा किया गया है। इसके साथ ही उन्होने बताया कि कैफेटेरिया के उद्घाटन से पहले कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने डीटीयू नॉलेज सेंटर में 178 विद्यार्थियों की क्षमता वाले एक कंप्यूटर सैंटर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर कुलपति के साथ डीटीयू रजिस्ट्रार प्रो. मधुसूदन सिंह सहित सभी डीन एवं विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## प्रीति शिनॉय के नए उपन्यास 'ए प्लेस कॉल्ड होम' का विमोचन

**गौरवशाली भारत संवाददाता**

नई दिल्ली। बेस्ट सेलिंग ऑथर प्रीति शिनॉय ने अपना नवीनतम उपन्यास ए प्लेस कॉल्ड होम द पैसिफिक मॉल एनएसपी पीतमपुरा में लॉन्च किया। यह कार्यक्रम का आयोजन द पैसिफिक एनएसपी व शेल्फ़बुक बुक स्टोर के सहयोग से किया गया था।

प्रीति को आधुनिक समय की सर्वश्रेष्ठ लेखकों में से एक माना जाता है। उन्होंने फोर्ब्स की भारत में 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची में भी शामिल किया है। उनकी ए प्लेस कॉल्ड होम एक महिला नायक की जीवन के माध्यम से आत्म-खोज, चिंतन और विकास की यात्रा के बारे में है। किताब को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खूब पसंद किया गया है, जहां इसे करीब एक हफ्ते पहले लॉन्च किया गया था।

प्रीति शिनॉय ने 15 बेस्टसेलिंग किताबें लिखी हैं जिनमें 34 बबलगम्स एंड कैंडीज, लाइफ इज व्हाट यू मेक इट, टी फॉर टू एंड ए पीस ऑफ केक, द सीक्रेट विश लिस्ट, लव ए लिटिल स्ट्रॉन्गर, द रूल ब्रेकर्स और वेक अप, लाइफ इज कॉलिंग शामिल हैं। इसमें 324-पृष्ठ है और हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया गया है। वह भारत में सबसे अधिक बिकने वाले लेखकों में शुमार हैं।

पैसिफिक ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर , श्री अभिषेक बंसल ने इस मौके पर अपनी प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहा, हमें ख़ुशी है की इस पुस्तक का विमोचन पैसिफिक एनएसपी में हुआ। यह आयोजन इस अद्भुत था क्यूंकि यह नारीत्व की भावना का जश्न है। हम सब जानते हैं कि एक अच्छी किताब सबसे अच्छे दोस्त की तरह होती है, उपन्यास पढ़ने वालों के लिए निश्चय ही यह किताब बेहतरीन होंगी। पैसिफिक ग्रुप हमेशा पथप्रदर्शक रचनात्मक उत्पादों और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। इस आयोजन में इतनी सहायक और सुशिक्षित भीड़ को देखना अद्भुत था। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मैं दर्शकों और आयोजन टीम के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त करता हूं।

## न्यूज एंकर रोहित रंजन को नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

नोएडा। नोएडा पुलिस ने जी न्यूज के एंकर रोहित रंजन को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उन्हें कथित तौर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से जुड़ी एक भ्रामक खबर चलाने के आरोप में सुबह हिरासत में लिया गया था। सुबह से शाम तक की गई पूछताछ के आधार पर रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, राहुल गांधी के बयान को गलत संदर्भ में दिखाते हुए एक समाचार प्रसारित करने के मामले में गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित न्यू स्कोटिस सोसाइटी निवासी रोहित रंजन को नोएडा पुलिस ने सुबह हिरासत में लिया था। इसी दौरान रायपुर पुलिस भी रोहित को गिरफ्तार करने पहुंची थी। यहां पर नोएडा और रायपुर पुलिस के बीच विवाद हो गया था।

### पत्नी के दोस्त को घर में देख चढ़ा पति का पारा, अवैध संबंध के शक में मौत के घाट उतारा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 16 में एक शख्स ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से आरोपी पति फरार है। हत्या के बाद आरोपी ने खुद अपने चचेरे भाई सुनील को इसकी सूचना दी थी। पुलिस केस दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, करीब सात साल पहले अनिल ने ओडिशा निवासी रश्मि से प्रेम विवाह किया था। इससे पहले अनिल बुलंदशहर के श्रीनगर गांव में परिजनों के पास रहता था। दंपति एक साल पहले ही दिल्ली आए और रोहिणी सेक्टर 16 में किराए के मकान में रहने लगे। रश्मि बवाना स्थित फैक्ट्री में और अनिल प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में करने लगा। इस बीच फैक्ट्री में ही रश्मि की दोस्ती बबलू नाम के एक युवक से हो गई, जिसे लेकर दंपति के बीच में लड़ाई होती रहती थी। यह सब बातें अनिल अपने भाई सुनील को बताता था। इस बीच अनिल शनिवार को किसी काम से बाहर गया था। रविवार सुबह अनिल घर लौटा तो उसने बबलू को घर में देखा। इसी बात पर उसका पत्नी से विवाद हो गया। गुस्से में आकर उसने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्मरण किया




नई दिल्ली। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति पखवाड़े के मौके पर आज प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा देशहित में किए गए कार्यों एवं संघर्षों को याद किया गया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रभारी श्री मोहन लाल गिहारा, मोर्चा अध्यक्ष श्री सी एल मीना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर श्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताए रास्तों पर आज भाजपा चल रही है और उनके द्वारा दिए गए मूलमंत्रों का अनुसरण कर भाजपा समाज में रहने वाले सबसे पिछड़े पायदान वाले व्यक्ति को भी मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए देशसेवा पहले है और यह एकलौती ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी लोगों के हितों में काम करती है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति पखवाड़े के अंतर्गत ही कल प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा द्वारा ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मोर्चा अध्यक्ष श्री वासु रुखड़ ने सभी युवाओं से आग्रह किया कि इस प्रतियोगिता का हिस्सा अवश्य बनें जिससे प्रतिभाओं की पहचान की जा सके। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले https://t.co/AGbkgktAXu लिंक के माध्यम से दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक जुड़ सकेंगे।

## संपादकीय

# अत्यधिक ऑनलाइन गेमिंग बच्चों की शिक्षा और सोच पर डाल रही हानिकारक प्रभाव

हाल ही में सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को विनियमित करने और उसकी देखरेख के लिए एक मंत्रालय की पहचान करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की है। बदलते तकनीकी दौर में आज अधिक से अधिक राज्य ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र में कुछ आदेश लाने के लिए कानून ला रहे हैं। हाल ही में, राजस्थान सरकार ने ऑनलाइन गेम, विशेष रूप से फंतासी खेलों को विनियमित करने के लिए एक मसौदा विधेयक लाया। इससे पहले, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों ने भी ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पारित किए थे। हालांकि, उन्हें राज्य उच्च न्यायालयों द्वारा इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि कौशल के खेल के लिए एकमुश्त प्रतिबंध अनुचित था।

फैंटेसी स्पोर्ट्स ऑनलाइन गेम के सभी रूपों से पूरी तरह से अलग हैं जो ई-स्पोर्ट्स, कैजुअल गेमिंग आदि की प्रकृति में हैं, जिन्हें प्रतिभागी के लिए परिणाम तय करने के लिए वास्तविक खेल मैच खेलने के लिए वास्तविक जीवन के खिलाड़ी की आवश्यकता नहीं होती है। अन्य ऑनलाइन गेमिंग के विपरीत, काल्पनिक खेल, वास्तविकताओं पर निर्भर है, मौसमी और वास्तविक समय के खेल मैचों की उपलब्धता इसे खेल का एक गैर-नशे की लत रूप बनाती है जो इसे ऑनलाइन गेम के अन्य रूपों से अलग रूप से अलग करती है जिन्हें प्रकृति में जुआ और/या सट्टेबाजी का खेल माना जाता है।

अत्यधिक गेमिंग के परिणाम बच्चों की शिक्षा और भलाई पर हानिकारक प्रभाव डाल सकते हैं। इसकी लत के लक्षणों में से एक जीवन के अन्य क्षेत्रों पर प्रभाव है। यदि स्कूल का काम पीड़ित है - पाठों में ऊब, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई या होमवर्क पूरा करने के लिए कम प्रेरणा सहित - तो उनकी गेमिंग आदतों का आकलन किया जाना चाहिए। हिंसक, ग्राफिक या यौन सामग्री का एक्सपोजर बच्चों के लिए बेहद खतरनाक है; माता-पिता की बढ़ती संख्या उनके द्वारा खेले जाने वाले खेलों की सामग्री के बारे में चिंतित है।

उदाहरण के लिए, फोर्टनिटे को 12+ का दर्जा दिया गया है - फिर भी कई प्राथमिक स्कूल-आयु के बच्चे खेलते हैं। हिंसक, कामुक या अत्यधिक यथार्थवादी सामग्री वाले खेल का भी बच्चों, विशेषकर छोटे बच्चों पर भावनात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यह परस्पर विरोधी शोध वाला एक विवादास्पद क्षेत्र है लेकिन साइंस डेली के एक अध्ययन ने हिंसक वीडियो गेम को युवा लोगों में आक्रामकता से जोड़ा है। यदि गेमिंग वास्तविक जीवन में दोस्तों के साथ संबंध की कीमत पर है, तो यह वापसी रोजमर्रा की स्थितियों में संबंध कौशल को प्रभावित कर सकती है। लंबे समय तक खेल खेलने वाले बच्चे और युवा आरएसआई से प्रभावित हो सकते हैं। अकड़न, दर्द, दर्द और सुन्न ऐसे संकेत हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए। उदाहरण के लिए, निम्न टेंडिनाइटिस गेमिंग कंसोल पर खेलने से जुड़ी अंगूठे, कलाई और हाथ की समस्याओं को संदर्भित करता है। यदि आप बिना ब्रेक लिए लंबे समय तक स्क्रीन पर देखते हैं तो आंखों में खिंचाव भी आम है। स्क्रीन की चकाचौंध दृष्टि को भी प्रभावित कर सकती है। खराब पोषण या आत्म-देखभाल की समस्या भी ऑनलाइन गेम्स के साथ घरों में दस्तक दे रही है; जब गेमिंग की लत हावी हो जाती है, तो बच्चे और युवा भोजन छोड़ सकते हैं, जंक फूड पर निर्भर हो सकते हैं, टॉयलेट ब्रेक लेने का विरोध कर सकते हैं या खराब स्वच्छता रख सकते हैं। एक समय में कई घंटों तक उत्तेजक खेल खेलना, विशेष रूप से देर रात में, सोने के लिए कठिन हो जाएगा। बहुत से लोग ऑनलाइन गेमिंग की लत विकसित कर रहे हैं। यह जीवन और विनाशकारी परिवारों को नष्ट कर रहा है। बच्चों द्वारा बाध्यकारी गेमिंग स्कूलों में उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है और उनके सामाजिक जीवन और परिवार के सदस्यों के साथ संबंधों को प्रभावित कर रहा है।

# देश में गिरते हुए भूजल के स्तर को रोकने के कुछ बेहतरीन उपाय

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

पल्ला फ्लड प्लेन योजना से दिल्ली में तीन साल में भूजल का स्तर तीन मीटर तक बढ़ने का दावा भले ही अतिश्योक्तिपूर्ण लगे पर इसमें कोई दो राय नहीं कि एक स्तर तक भूजल के स्तर को बढ़ाने में यह योजना सफल रही है। दरअसल देखा जाए तो आज देश में सबसे बड़ी समस्या पेयजल को लेकर होने लगी है। अत्यधिक दोहन और शहरीकरण के कारण भूगर्भीय जल स्तर लगातार नीचे जाता जा रहा है। कहने को तो भूजल को रिचार्ज करने के लिए लाख उपाय बताए जा रहे हैं और पानी की बचत से लेकर परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और संरक्षण, जल भराव क्षेत्रों में अबाध पानी की आवक, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को मजबूत बनाने, नदी जोड़ो अभियान जैसे कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं पर परिणाम जो आ रहे हैं वह उत्साहजनक नहीं दिखाई दे रहे। जब तक भूजल के स्तर को बढ़ाने के ठोस प्रयास नहीं होते तब तक चाहे अमृत जल योजना हो या जल जीवन मिशन या दूसरी कोई योजनाएं, अपने उद्देश्यों पर खरी नहीं उतर सकतीं।

दुनिया के सबसे अधिक भूजल का दोहन करने वाले देशों में 8 देश एशिया के हैं अन्य दो देशों में उत्तरी अमेरिका और मेक्सिको आते हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार यह दुनिया के 75 फीसदी भूजल का इस्तेमाल करते हैं। हमारे देश में उपलब्ध भूजल में से खेती के लिए 89 प्रतिशत भूजल का उपयोग हो रहा है जबकि विश्व के अन्य देशों का खेती में सिंचाई के लिए पानी के उपयोग का औसत 9 प्रतिशत है। आने वाले 30 सालों में जहां पानी की मांग में एक फीसदी की बढ़ोतरी होगी वहीं भूजल के स्तर में बढ़ोतरी के स्थान पर और कमी के ही कयास लगाए जा रहे हैं। देश के अधिकांश क्षेत्र डार्क जोन के दायरे में आते जा रहे हैं। दरअसल भूजल के गिरते स्तर को लेकर चिंता भी बहुत हुई है तो योजनाएं भी बहुत बनी हैं। पर परिणाम इसलिए अधिक सकारात्मक नहीं आ पाए कि दूरगामी सोच का अभाव दिखा तो दूसरी और क्रियान्वयन में लापरवाही भी आम रही है।

पानी की एक एक बूंद बचाने के संदेश के बावजूद पानी का उपयोग बढ़ता ही जा रहा है। यदि हम शहरों की ही बात करें तो पीने के पानी से कई गुणा अधिक मात्रा में बाथरुम, घर के गार्डन में पानी देने, किचन गार्डन के पौधों में पानी, दोपहिया व चौपहिया वाहनों को धोने-धुलाने, कूलरों की घर घर तक सहज पहुंच और अन्य बहुत से कारण हैं जिससे पानी का उपयोग तो बढ़ा है पर जल संरक्षण के उपायों पर उतना काम नहीं हुआ है। एक और तो शहरों में परंपरागत जल स्त्रोतों को ही पाट कर कालोनियां विकसित कर दी गयी हैं या उनमें पानी के आवक के सारे रास्ते बंद कर उसे नष्ट होने के लिए छोड़ दिया गया है। दूसरी और शहरों में घरों में अंधाधुंध बोरिंग किए गए हैं तो सरकारों को भी पेयजल उपलब्ध कराने के लिए साल दर साल नए बोरिंग करने पड़ रहे हैं। इन सबसे इतर सरकार द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर बनाई गई योजनाएं धरातल पर खरी नहीं उतर सकी हैं। वाटर हार्वेस्टिंग स्त्रोतों में या तो पानी ही नहीं जा पाता या फिर उनके रखरखाव के अभाव में पानी की आवक नहीं हो पाती। इसी तरह से घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने की घोषणा का भी प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया है।

यह तो शहरों की तस्वीर है तो दूसरी और गांवों में भी निरंतर गिरते जल स्तर के कारण अंधाधुंध बोरवेल होते गए और होता यह गया कि गांवों में भी तेजी से भूजल स्तर नीचे से नीचे जाता गया है। नदी नालों या बांधों की राह में बिना किसी सोच के एनिकटों का जाल बिछा दिया गया और हुआ यह कि नदी नालों व बांधों में पानी की आवक अवरुद्ध हो गई।

# कितअब तो इस बर्बर मानसिकता पर कठोर नियंत्रण हो



**ललित गर्ग**

उदयपुर में एक दर्जी की हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं पड़ा था कि महाराष्ट्र से भी ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना उजागर हुई है। उजागर इसलिये कि इसे लूटपाट की साधारण घटना मानकर रफा-दफा कर दिया था। लेकिन उदयपुर की घटना के कारण इसकी जांच नये सिरे से हुई तो पता लगा कि पिछले महीने की इक्कीस तारीख को अमरावती में एक दवा विक्रेता की गला रेत कर हत्या इसलिये कर दी गयी कि उसने भी भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। प्रश्न है कि यह कैसी विकृत मानसिकता है जो बर्बर एवं क्रूरता की सारी सीमाओं को लांघ रही है। यह कैसी राजनीतिक मानसिकता है जो गलत को गलत नहीं कह पा रही है। यह कैसी धार्मिकता एवं साम्प्रदायिकता है जो समाधान के लिए कदम उठाने में भय महसूस करती हैं। यह कैसी सत्ता की लालसा है जो सत्ता से विमुख हो जाने से डरी हुई है। पर यदि दायित्व से विमुख हुए तो देश का नागरिक युद्ध की ओर बढ़ सकता है एवं देश की एकता एवं आपसी सौहार्द खण्डित हो सकता है। लोकतंत्र में नरसंहार, बर्बरता और क्रूरता जैसे उपाय किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकते। इस मौलिक सत्य व सिद्धांत की जानकारी से आज के राजनैतिक दल एवं साम्प्रदायिक संगठन अनभिज्ञ है।

उदयपुर एवं अमरावती की घटनाओं से जुड़ी तालिबानी मानसिकता इस देश को तोड़ने की साजिश है। यह कट्टर सांप्रदायिकता ही नहीं, बल्कि विक्षिप्त मानसिकता है, जो ऐसी हिंसा में यकीन रखती है, उसे बल देती है। ऐसी ही हिंसा से आज अफगानिस्तान कराह रहा है। पडोसी देश पाकिस्तान से पोषित इस बर्बरता से नुकसान किसको है? साम्प्रदायिक आग्रहों ने, हिन्दुस्तान को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की तथाकथित मानसिकता ने, सत्ता के मोह ने, वोट के मोह ने शायद इन कट्टरवादियों एवं सत्तालोलुपों के विवेक का अपहरण कर लिया है। अल्पसंख्यकों के मसीहा और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर का मुखौटा लगाने वाले आज जनविश्वास का हनन ही नहीं, जनता का ही हनन-हत्या करने लगे हैं। जनादेश की परिभाषा अपनी सुविधानुसार करने लगे हैं। जो भी लोग या संगठन ऐसे कट्टर आतंकी तैयार करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका निभा रहे हैं, उन पर कड़ाई से शिकंजा कसना होगा।

इसमें कोई संदेह नहीं कि उदयपुर में हुई नफरती एवं बर्बर हत्या की घटना ने देश को झकझोर दिया। अब अमरावती का मामला भी इसमें जुड़ गया। देखा जाए तो दोनों घटनाओं में कई समानताएं हैं। जैसे हत्या का कारण एक ही मसले पर उठा विवाद रहा। हत्यारों ने मारने का तरीका भी एक जैसा अपनाया। मारे गए दोनों लोगों ने निलंबित भाजपा प्रवक्ता का समर्थन किया था। जाहिर है, इसे लेकर समुदाय विशेष के लोगों में प्रतिक्रिया पनप रही होगी और योजनाबद्ध तरीके से लोगों को निशाना बनाने की तैयारी की गई होगी। प्रश्न है कि भीतर ही भीतर भड़क रही इस बर्बरता एवं क्रूरता की भनक सुरक्षा एजेन्सियों को क्यों नहीं हुई? क्या राजस्थान एवं महाराष्ट्र दोनों ही प्रांतों में घटना के समय गैर-भाजपा सरकारें इन घटनाओं के होने का इंतजार कर रही थी? अब जैसा कि उदयपुर की घटना में सामने आया है कि दोनों हत्यारे पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे थे। इनमें एक हत्यारा कई बार पाकिस्तान भी होकर आया। यह भी कि दोनो लोग लंबे समय से राजस्थान के कई जिलों में सक्रिय रूप से युवाओं को अपने नफरती अभियान में जोड़ने के काम में लगे थे। पर हैरानी की बात है कि पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।




भले यह मामला आतंकी घटना न हो, लेकिन उससे कम भी नहीं है। भारत में होने वाली विवादास्पद व भड़काऊ बातों और घटनाओं का पाकिस्तान किस तरह से इस्तेमाल कर रहा है, यह भी सामने आ गया। यह समय अधिक सर्तकएवं सावधान होने का है।

भारत की एक सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक सोच है, संस्कृति है। यहां तालिबानी न्याय सरासर नामंजूर है। राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने वालों को सावधान हो जाना चाहिए। नफरत, द्वेष एवं घृणा कभी भी एक दिशा में नहीं भागती, वह बार-बार रुख बदलती है और वार करती है। बड़े बुद्धिमानों एवं राजनीतिक प्रवक्ताओं के बीच विवाद शुरू हुआ था, पर दर्जी, और विक्रेता के जान पर बन आई? बुद्धिमानों एवं राजनीतिक प्रवक्ताओं का क्या बिगड़ा?

जो लोग हिंदू-मुस्लिम बहस को गरमा रहे थे, उनका क्या बिगड़ा? अपने धर्म की सेवा से कोई कानून नहीं रोकता, लेकिन कोई कानून यह नहीं कहता कि अपने धर्म के लिए किसी को रुला दो, किसी का खून बहा दो, किसी दूसरे धर्म के देवी-देवता एवं आस्था के शिखर पर कीचड़ उछालो। जब हम किसी पर एक अंगुली उठाते हैं तो शेष अंगुलियां हमारी ओर भी उठती है। इस तरह हमारी ओर उठने वाली दृष्टि पर इतना कोहराम क्यों? जैसी करनी वैसी भरनी-नफरत, द्वेष एवं घृणा की पौध लगायेंगे तो फल भी वैसे ही मिलेंगे। ऐसे बर्बर ताकतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो ताकि जो लोग इस देश में गला रेतने का विधान चलाना चाहते हैं कि उनकी रूह तक डर पहुंचना चाहिए। यह तभी होगा, जब पुलिस, सुरक्षा एजेन्सियां या एसआईटी सद्भाव व संविधान के हत्यारों को उनके माकूल अंजाम तक पहुंचाएगी।

उदयपुर एवं अमरावती की घटनाएं कोई मामूली वारदात नहीं है। ऐसी घटनाएं स्वाभाविक रूप से चिंता एवं भय बढ़ाने वाली हैं। जिस तरह से अलग-अलग शहरों में दो लोगों को एक विवाद के कारण एक ही तरह से मार डाला गया, उससे तो पहली नजर में यही लगता है कि यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे ऐसा बड़ा गिरोह या संगठन काम कर रहा है जो हमारी अब तक हमारी खुफिया एजंसियों की नजर से बचता रहा।

क्या साजिश थी, क्या वे किसी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय एजेंसी के संपर्क में हैं, इन तमाम बातों का खुलासा होना जरूरी है। देश की शांति एवं सौहार्द को खंडित करने के लिये अनेक विदेशी ताकतें देश के भीतर सक्रिय है, सुरक्षा एजेंसियों को इनके पीछे पड़ जाना चाहिए। उदयपुर के दोनों आरोपियों को किसने उकसाया? उन्हें इस्लाम का अर्द्धज्ञान किसने दिया? बार-बार कहा गया है, आधा ज्ञान जानलेवा होता है, अफजल और कसाब के लिए भी था और अब रियाज व मोहम्मद गौस के लिए भी है। राजस्थान में गठित एसआईटी को तह में जाकर नफरत की इस विषबेल की जड़ों को उखाड़ फैकना होगा। क्योंकि इनके कारण भारत की सांझा-संस्कृति, हिन्दु-मुस्लिम एकता, भाईचारा, सद्भाव, निष्ठा, विश्वास, करुणा यानि कि जीवन मूल्य गुम होते जा रहे हैं। मूल्य अक्षर नहीं होते, संस्कार होते हैं, आचरण होते हैं। उन्माद, अविश्वास, राजनैतिक अनैतिकता, दमन एवं संदेह का वातावरण उत्पन्न हो गया है। उसे शीघ्र कोई दूर कर सकेगा, ऐसी सम्भावना दिखाई नहीं देती। ऐसी अनिश्चय और भय की स्थिति किसी भी राष्ट्र के लिए संकट की परिचायक है।

कन्हैयालाल या दवा विक्रेता का अपराध ऐसा नहीं था कि कानून उसे ऐसी कोई सजा देता। जो हाथ निर्दोषों को गैर-कानूनी सजा देने के लिए उठे, उस जिहादी मानसिकता पर अंकुश लगाना जरूरी है। तेजी से बढ़ता हिंसा, बर्बरता एवं क्रूरता का दौर किसी एक प्रांत का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी बनाया है, अब इसे नियंत्रित करने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है।

यदि इस बर्बरता को और अधिक समय मिला तो हम निदोषों की हत्या-वारदातों एवं लाशों को गिनने के इतने आदी हो जायेंगे कि हमारी सोच, भाषा, क्रियाशीलता एवं सांझा-संस्कृति जड़ीभूत बन जाएंगी। इन बर्बर मानसिकताओं के लिये ठंडा खून और ठंडा विचार नहीं, क्रांतिकारी बदलाव के आग की तपन चाहिए।

# अग्निपथ योजना का विरोध बेरोजगारी संकट का सूचक है

**प्रियंका 'सौरभ'**

अग्निपथ योजना के खिलाफ सबसे अधिक विरोध बिहार, उत्तर जैसे राज्यों में शुरू हुआ और तेजी से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में फैल गया। यहां अच्छी नौकरियां नहीं पैदा हो रही हैं। खराब कार्य अनुबंधों की अंतर्निहित समस्या, तदर्थ संविदाकरण और कार्यबल में विसंघीकरण ने सुरक्षित नौकरियों की गुणवत्ता को कम कर दिया है और इसके कारण बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है।

अग्निपथ योजना को देश में मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सरकार ने तीनों में सैनिकों की भर्ती के लिए अपनी नई योजना का अनावरण किया। नई अग्निपथ योजना के तहत सेना, नौसेना और वायु सेना में लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की सालाना भर्ती की जाएगी और इनमे सेअधिकांश सिर्फ चार साल में सेवा छोड़ देंगे; स्थायी कमीशन के तहत कुल वार्षिक भर्तियों में से केवल 25 प्रतिशत को ही जारी रखने की अनुमति दी जाएगी।

बेरोजगारी आज भारत में चिंताजनक चिंता का कारण बनता जा रही है; बेरोजगारी एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मौजूदा मजदूरी दर पर दोनों काम करने में सक्षम होता है, लेकिन नौकरी नहीं मिलती। देश में बेरोजगारी दर अप्रैल में 7.60 . से बढ़कर 7.83 प्रतिशत हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर, रघुराम राजन, हाल ही में भारतीय रेलवे में 90,000 निम्न-श्रेणी की नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले 25 मिलियन युवाओं को संदर्भित किया और बताया कि रेलवे इस बात का सबूत है कि उच्च विकास ने पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं किया है।

देश में उपलब्ध नौकरियों के बीच बेमेल होने से उत्पन्न बेरोजगारी में बाजार और बाजार में उपलब्ध श्रमिकों का कौशल प्रमुख है। भारत में बहुत से लोगों को आवश्यक कौशल और खराब शिक्षा स्तर के कारण नौकरी नहीं मिलती है। उन्हें, प्रशिक्षित करना मुश्किल हो जाता है। पाठ्यक्रम ज्यादातर सिद्धांतोन्मुखी है और व्यावसायिक प्रदान करने में विफल रहता है। वर्तमान आर्थिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जब कुशल मानव संसाधन का उत्पादन करने की बात आती है तो डिग्री-उन्मुख प्रणाली विफल हो जाती है।

कृषि का 51 प्रतिशत रोजगार में योगदान है लेकिन यह क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 12-13 प्रतिशत योगदान देता है।


इस घाटे के पीछे सबसे बड़ा योगदान प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या है। कई शिक्षित युवा जॉब प्रोफाइल के कारण सरकारी नौकरियों के पीछे भागते हैं और सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले छात्रों के कारण कई लोग बेरोजगार रह जाते हैं।

आज हमें अग्निपथ और अन्य सरकारी नौकरियों के अलावा सहयोगात्मक कदमों की आवश्यकता है। बेरोजगारी के मुद्दे से निपटने के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र के लिए तेजी से औद्योगीकरण की आवश्यकता है ताकि श्रम बलों को कृषि से स्थानांतरित किया जा सके। शिक्षा केंद्रों पर पाठ्यक्रम में बदलाव किया जाना चाहिए ताकि सीखने और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

स्वरोजगार को सरकारी सहायता आदि से देयता मुक्त ऋणों की सहायता से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, मूल व्यावसायिक विचारों को विकसित करने के लिए इनक्यूबेशन केंद्रों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य होगा। सरकार के साथ-साथ सहयोग और पूंजी निवेश के लिए व्यापारिक घरानों को और अधिक विदेशी आमंत्रित करने की कोशिश करनी चाहिए ताकि रोजगार के अवसर बढ़ सकें। श्रम प्रधान विनिर्माण क्षेत्र जैसे खाद्य प्रसंस्करण, चमड़ा और रोजगार सृजित करने के लिए फुटवियर को बढ़ावा देने की जरूरत है।




# आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मज़बूती से निभाएं, बात सह गए तो रिश्ते रह गए - बात कह गए तो रिश्ते ढह गए



गोंदिया - वर्ष 1959 में रिलीज हुई पैगाम फिल्म में गायक लेखक कवि प्रदीप का गीत इंसान को इंसान से हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा, यही पैगाम हमारा गीत को इंसानी रिश्ते मजबूत करने के परिपेक्ष में खासकर युवाओं को सुनना चाहिए क्योंकि वह हमारे भविष्य हैं क्योंकि खूबसूरत अनमोल पृथ्वी पर भारत देश की हजारों वर्ष से यह अनमोल वसीयत रही है कि हमारी हमारे पूर्वजों सहित हम अपने निजी और सार्वजनिक रिश्तो को निभाने में वैश्विक स्तरपर सर्वश्रेष्ठ रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारी अनेक विरासतों में से एक परिवार, समाज, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय समुदाय में खूबसूरत सकारात्मक रिश्ते कायम रखने में भारत को महारत हासिल है। हम भारतवासी संबंधों को कायम रखने में आने वाली बड़ी से बड़ी समस्याओं को शांतिप्रिय, सकारात्मक वाणी, व्यवहार, हृदय से समाधान की ओर ले जाते हैं जो हमारे लिए वैश्विक स्तरपर प्रतिष्ठा का प्रतीक है परंतु आज के बदलते परिपेक्ष में रिश्ते निभाने के अनेक गुणों में सहनशीलता, सहिष्णुता, उद्धारदिली माफ़ी का जज्बा, छोटा देखने कीदरियादिली में अपेक्षाकृत पायदान से नीचे घसने की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे तात्कालिक रेखांकित करना जरूरी है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ रिश्ते, आतिथ्य सत्कार मजबूती से निभाने पर गंभीरता से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में सिकुड़ते परिवारों, टूटते रिश्तों, बढ़ती वैचारिक खाई की करें तो, आजकल जहां देखो वहीं छोटी छाटी बातों पर टकराव और विवाद नजर आते हैं। फिर चाहे स्थान हमारा घर हो, ऑफिस या फिर व्यापारिक क्षेत्र, कारण मतभिन्नता हैं। जिसके चलते सास बहू के बीच खींचा तानी, पति पत्नी में बहस , पिता पुत्र का झगड़ा और चाहे बॉस एम्प्लौयी के बीच झड़प होती है। कई बार इन समस्याओं से परेशान होकर हम रत्न धारण कर लेते हैं, लेकिन सिर्फ रत्न पहनने से या कोई जप करने मात्र से वे संबंध नही सुधर सकते। हमारे संबंध अपने आचरण और अपने व्यवहार में परिवर्तन से सुधरेंगे, तभी हम संबंधों में मधुरता ला पाएंगे, याने बात सह गए तो रिश्ते रह गए बात कह गए तो रिश्ते ढह गए। साथियों बात अगर हम रिश्तो को गंभीरता से संभालने जोड़ने की करें तो सहनशीलता सहिष्णुता और त्याग का मंत्र अपनाना होगा। यदि हम पीड़ित है तो हमें स्वयं से परेशानियां होती हैं, जानबूझकर गलतियां दोहराई जाती है। जिसका उपाय स्वयं से मैत्री करें, आत्मनिरीक्षण करें स्वयं की गलतियों और खूबीयों को पहचान कर जातक स्वयं की उन्नति कर सकता है। पीड़ित होने से कुटुंब परिवार समाज में विवाद बने रहते हैं। बात बात पर कलह की स्थिति बनती रहती है। इससे उबरने के उपाय हैं, अहंकार दबाकर, सबसे विनम्रता से पेश आएं। छोटों से प्यार करें, बराबर वालों से मित्रता और बड़ों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करें।.. संस्कृति के श्लोक में भी आया है कि, अरावप्युचितं कार्यमातिथ्यं गृहमागते। छेत्तुः पार्श्वगताच्छायां नोपसंहरते द्रुमः॥

अर्थ-शत्रु भी यदि अपने घर पर आ जाए तो उसका भी उचित आतिथ्य सत्कार करना चाहिए, जैसे वृक्ष अपने काटने वाले से भी अपनी छाया को कभी नहीं हटाता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में पड़ोसियों की करें तो, कहते हैं कि पहला सगा पड़ोसी होता है, क्योंकि जब भी व्यक्ति पर कोई मुसीबत आती है तो उसके सगे-संबंधी व रिश्तेदार तो बाद में पहुंचते हैं, लेकिन पड़ोसी तुरंत मदद के लिए आता है। इसलिए कहा जाता है कि हर व्यक्ति को अपने पड़ोसियों से अच्छे संबंध बनाकर रखने चाहिए। लेकिन आज के समय में हम खुद में कुछ इस कदर व्यस्त हो गए हैं कि हमें अपने आसपास रहने वाले लोगों का ख्याल ही नहीं आता। यहां तक कि जब भी रिश्तों की बात आती है तो हम पति, बच्चे या परिवार को ही महत्ता देते हैं। पड़ोसियों के साथ आपसी संबंधों को मधुर बनाने के बारे में शायद ही कोई सोचता हो। हालांकि उनके साथ भी रिश्ता उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो को समय देने की करें तो, आज के समय में किसी भी रिश्ते के कमजोर होने की एक मुख्य वजह होती है समय का अभाव। खासतौर से, शहरों में तो बहुत से लोगों को यह तक पता नहीं होता कि उनके पड़ोस में कौन रहता है। इसलिए पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए आप थोड़ा समय निकालें। अगर आप कुछ खास व अलग बनाते हैं, तो अपने पड़ोसियों के साथ शेयर करें। इस तरह आपको उन्हें जानने का मौका मिलेगा। इसके अलावा आप चाहें तो उनके साथ एक मार्निंग वॉक का रूटीन भी बना सकतें हैं।गॉसिप करते-करते आपकी वॉक भी हो जाएगी। याद रखें कि किसी भी रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए थोड़ा समय निकालने की जरूरत होती है।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में कर्मचारियों और बॉस की करें तो, ऑफिस में कर्मचारी और बॉस के बीच मधुर संबंध होना सभी पक्षों के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, अगर हम अपने बॉस से अच्छे कामकाजी रिश्ते बनाकर रखते हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे करियर ग्रोथ पर पड़ता है।बॉस से हेल्दी रिलेशन बनाने का यह मतलब कतई नहीं है कि हम इस बात का फायदा उठाएं, हमेशा ध्यान रखें कि हम अच्छे कर्मचारी तभी कहलाएंगे जब हम अपनी सीमा में रहकर काम करेंगे, काम के प्रति सजग रहेंगे. वहीं बॉस के लिए भी ये जरूरी है कि वो भी अपने कर्मचारी के साथ अपने रिश्ते को हेल्दी रखें। दोनों के बीच मधुर संबंध हमारे वर्क प्लेस के लिए फायदेमंद सिद्ध होगा साथ ही इसके सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।

साथियों बात अगर हम रिश्तो में वैवाहिक जीवन की करें तो, कुछ लोगों के वैवाहिक जीवन में आये दिन जरा जरा सी बातों को लेकर अनबन होती रहती है । एक साथ रहने, एक दूसरे का हमेशा साथ देने का वादा करने वाले पति पत्नी जब मौका मिले छोटे बच्चों की तरह लड़ाई झगड़े करने लगते हैं ।कभी कभी तो इनका विवाद तलाक तक पहुंच पाता है, और खुशहाली से भरा पूरा परिवार बिखर जाता है।

## पिता क्या है?

पिता एक़ उम्मीद हैं, एक आश हैं
परिवार क़ी हिम्मत और विश्वास हैं,
बाहर से सख्त अन्दर से नर्म हैं
उसकें दिल मे दफ़न कई मर्म है।

पिता सघर्ष की आधियो में हौंसलो की दीवार हैं
परेशानियो से लडने को दुधारी तलवार हैं,
बचपन मे खुश करनें वाला खिलौना हैं
नीद लगें तो पेट पर सुलानें वाला बिछौना हैं।

पिता जिम्मेदारियों से लदी गाडी का सारथी हैं
सबक़ो बराबर का हक दिलाता यहीं एक महारथी हैं,
सपनो को पूरा करनें मे लगनें वाली ज़ान हैं
इसीं से तो मां और बच्चो की पहचान हैं।

पिता जमीर हैं पिता ज़ागीर हैं
ज़िसके पास यें हैं वह सबसें अमीर हैं, कहनें को सब उपर वाला देता हैं ए सदीप
पर खुदा का ही एक़ रूप पिता का शरीर हैं।

## शार्ट न्यूज

### बदायूं: तांत्रिकों की कारस्तानी, मंत्र पढ़कर महिला की आंखों में फेंका पानी, रोशनी गयी

**बदायूं।** यूपी के बदायूं में सनसनीखेज वारदात हुई है। यहां तंत्र-मंत्र और अंधविश्वास को लेकर अजीब घटना ने एक महिला के आंख की रोशनी छीन ली है। सरेराह हुई घटना से खलबली मची है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के खेड़ादास गांव में दो तांत्रिक पहुंचे थे। दोनों ने एक महिला को उसकी परेशानियों से निजात दिलाने का भरोसा दिया। महिला को भरोसे में लेने के बाद तांत्रिक ने कोई मंत्र पढ़ने का नाटक किया और महिला की आंखों में पानी जैसा कोई पदार्थ फेंका। इससे अचानक महिला की हालत खराब हो गई। उसे दिखाई देना भी बंद हो गया। चीख पुकार मचने पर लोग जुटते इससे पहले ही दोनों तांत्रिक वहां से भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने दोनों का पीछा करते हुए ओरछी चौराहे के पास दोनों को पकड़ लिया। वहां करीब एक घंटे तक हंगामा चला। इस दौरान पिकेट से पुलिसकर्मी भी गायब रहे। पुलिस के नहीं पहुंचे पर ग्रामीण दोनों को पकड़कर दोबारा गांव लेकर आए। इसी बीच किसी ने पुलिस को मामले की पूरी जानकारी दी। करीब तीन घंटे बाद गांव पहुंची पुलिस ने दोनों को कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### तीर्थ पुरोहितों में यजमानी के विवाद में युवक पर बरसा दी गोलियां, हत्या से सनसनी

प्रयागराज। प्रयागराज में नैनी के अरैल इलाके में मंगलवार को तीर्थ पुरोहितों में यजमानी को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोलियां बरसा दी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गोली लगने से करीब 25 वर्षीय बबुआ तिवारी की मौत हुई है। घायल युवक का स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। पुलिस उन्हें शांत कराने में लगी है।

### जौनपुर: लखनऊ-वाराणसी फोरलेन बाईपास पर ट्रक-पिकअप में भिड़ंत, तीन की मौत

बदलापुर (जौनपुर)। जौनपुर में वाराणसी-लखनऊ फोरलेन हाइवे पर मंगलवार को ट्रक और पिकअप में जोरदार भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसा भोर में करीब तीन बजे हुआ। बताया जा रहा है कि रात में एक पिकअप गाड़ी टेम्पो ट्रैवलर को टोचन कर लखनऊ की तरफ जा रही थी ।फत्तूपुर गांव स्थित जैसवार ढाबे के सामने तेज रफ्तार ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। इसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। पिकअप में बैठे टेम्पो ट्रैवलर के चालक की जेब से मिले डीएल से उसकी पहचान परवेज अख्तर पुत्र आलमगीर निवासी रेवासा थाना सकलडीहा जनपद चंदौली के रूप में हुई। अन्य दो की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस तीनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

### खुर्जा : गोतस्कर की एक करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति कुर्क

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के खुर्जा में जिला प्रशासन ने सोमवार को इलाके के टॉप-10 गो-तस्करों में शुमार कासिम की लगभग 01 करोड़ रुपये की सम्पत्ति को कुर्क कर दिया है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर खुर्जा की उपजिलाधिकारी लवी त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह ने राजस्व विभाग की टीम के साथ यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों ने खुर्जा में इस्लामाबाद गांव के निवासी एवं इलाके के टॉप-10 माफिया कासिम पुत्र यामीन की समाज विरोधी गतिविधियों के फलस्वरूप अर्जित की गयी अचल संपत्ति को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क कर जब्त कर लिया है। इसकी अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपये आंकी गयी है। सिंह ने बताया कि जनपद के विभिन्न थानों में अभियुक्त कासिम के विरुद्ध गोकशी, लूट व डकैती के 25 मुकदमे दर्ज हैं।

### सवारियों से भरा लोडर खाई में गिरा, 25 घायल

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के चरखारी क्षेत्र में सोमवार को सवारियों से भरा एक तेज रफ्तार मालवाहक वाहन (लोडर) गहरी खाई में गिर गया, जिससे उसमें सवार महिलाओं और बच्चों समेत 25 लोग घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि फतेहपुर गांव का निवासी सियाराम अपने रिश्तेदारों और परिजनों के साथ मदारन देवी मंदिर में पारिवारिक पूजा अनुष्ठान के लिए लोडर से जा रहा था। मंदिर पहुंचने से पहले लोडर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गहरी खाई में गिर गया। तभी मार्ग पर गुजर रहे लोगों ने हादसा देख पुलिस को तत्काल सूचना दी एवं घायलों को बाहर निकाल कर पास में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अग्रवाल ने बताया कि लोडर में सवार 25 लोग घायल हुए। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। इन सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया है। घायल महिलाओं में जानकी, रेखा, तुलसिया, जमुनिया व चंचल की हालत गम्भीर होने पर उन्हें चिकित्सकों द्वारा महोबा जिला अस्पताल रैफर किया गया है। दुर्घटना का कारण, लोडर चालक के नशे में होने की बात पता चली है। पुलिस ने उसका पृथक रूप से डॉक्टरी परीक्षण करा कर मामले की जांच कर रही है।

### झांसी रेलमंडल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में की रिकॉर्ड कमाई

झांसी। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में विभिन्न स्रोतों से 437.84 करोड़ का राजस्व तो अर्जित किया ही साथ ही यात्रियों की समस्याओं को निपटाने में लगने वाले समय में भी काफी सुधार किया। यहां मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय में पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी देते हुए डीआरएम आशुतोष ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल- जून) में झांसी रेल मंडल ने कई प्रमुख कार्य किये और कई उपलब्धियां भी हासिल की । इस तिमाही में सर्वाधिक लोडिंग की गयी तो अब तक की किसी भी तिमाही का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है । इस दौरान मंडल को माल लदान ने 228.06 करोड का राजस्व हासिल हुआ जो पिछले वर्ष इसी तिमाही से 20 प्रतिशत अधिक है। श्री आशुतोष ने बताया कि इसी तिमाही में टिकट चेकिंग से होने वाली आय में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया और 13.07 करोड़ की आय हासिल की गयी। आय के सभी स्रोतों से 437.84 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया जो पिछले साल की तुलना में 52.21 प्रतिशत अधिक रहा। डीआरएम ने इस दौरान पत्रकारों को न केवल झांसी मंडल को हुई रिकॉर्ड कमाई की जानकारी दी बल्कि यह भी बताया कि इस तिमाही में क्या क्या अन्य जरूरी काम भी किये गये। उन्होंने बताया कि झांसी मंडल से गुजरने वाली सभी गाडियों में अलार्म चैन पुलिंग की गहन मोनिटरिंग की गयी तथा अपर्याप्त कारण से चैन पुलिंग करने से सम्बंधित 341 मामले दर्ज किये गये।

### युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर कई घायल, आरोपी हिरासत में

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में सोमवार को एक युवती के साथ छेड़छाड़ का विरोध कर रहे युवकों के साथ संघर्ष में कुछ युवक घायल हो गये। इस मामले में पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले के थाना बेहट स्थित गांव मरवा में सोमवार को सुबह युवती के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की। युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने घटना का विरोध किया तो युवक और उसके साथियों ने युवती और उसके परिजनों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। थाना प्रभारी बृजेश कुमार पांडे ने शिकायतकर्ता पक्ष की तहरीर के आधार पर बताया कि युवती के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी ने इसका विरोध करने वालों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक दीवान सिंह पुत्र भूप सिंह को हिरासत में लिया है।

---

ओपी राजभर के बयान पर अखिलेश यादव का दो टूक जवाब

# सपा को किसी की सलाह की जरूरत नहीं

**लखनऊ।** आजमगढ़ और रामपुर सीट पर हुए लोकसभा उपचुनाव में मिली करारी हार के बाद चारों तरफ से मिल रही सलाह और नसीहतों के बीच अखिलेश यादव ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है।



अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी को किसी के सलाह की जरूरत नहीं है। रामपुर और आजमगढ़ में चुनाव प्रचार नहीं करने जाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा- मुझे उम्मीद थी और मुझे भरोसा दिलाया गया था कि मेरे वहां जाने की कोई जरूरत नहीं है।

दोनों जगहों पर मिली हार के लिए अखिलेश यादव ने प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। योगी सरकार 2.0 के 100 दिन पूरे होने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार को सिर्फ 100 दिन का नहीं बल्कि 5 साल 100 दिन का जवाब देना चाहिए। अखिलेश ने कहा- सरकार में कुछ ऐसी ताकते हैं जो पीछे से सरकार चला रही है।

गौरतलब है कि रामपुर और आजमगढ़ चुनाव में मिली हार के बाद यूपी में सपा की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव को नसीहत देते हुए कहा था कि उन्हें एसी कमरों से बाहर निकलकर राजनीति करनी चाहिए। यही नहीं, उन्होंने अखिलेश यादव के नेतृत्व पर सवाल खड़ा करते हुए कहा था कि अखिलेश यादव अपने दम पर सपा को कोई चुनाव नहीं जिता सके हैं। उन्होंने ये भी कहा था था मुलायम सिंह यादव की वजह से वो साल 2012 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो होमगार्ड की मौत

सोनभद्र। सोनभद्र में वाराणसी शक्तिनगर राजमार्ग पर स्थित सोन नदी पुल पर तेज रफ्तार कार के टक्कर होने से बाइक सवार दो होमगार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दीनानाथ (40) और लालमणि (45) अदलगंज थाना चोपन में होमगार्ड थे। सोमवार की रात उनकी ड्यूटी ओबरा थाना में लगाई गई थी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार तड़के पांच बजे के करीब दोनों बाइक से ड्यूटी करने के बाद घर के लिए वापस हो रहे थे। दोनों जैसे ही सोन नदी पुल पर पहुंचे कि सामने एक ट्रक खड़ी दिखाई दी। ट्रक से पास लेने के लिए पीछे नजर घुमाई तो देखा कि एक कार तेजी से आ रही थी। कार से बचने के लिए ट्रक के पीछे ही बाइक को रोक दी लेकिन तब तक कार दोनों को सीधी टक्कर मारते हुए खड़ी ट्रक से टकरा गई। घटना के बाद कार चालक दुर्घटनास्थल से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दिया।

## जानलेवा हमले में 3 को 5 साल का कारावास, जुर्माना भी

बहराइच। बहराइच में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सुरजन सिंह ने जानलेवा हमले मामले में तीन आरोपियों पर दोषसिद्ध होने पर पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। दोषसिद्ध अपराधियों पर सात-सात हजार का जुर्माना लगाया गया है। जिसे अदा न करने पर दो-दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

अधिवक्ता मोहम्मद कलीम हाशमी ने बताया कि रामगांव थाने के तारापुर खुर्द गांव निवासी इशरार अहमद पुत्र अब्दुल हकीम 11 जून 2017 को मस्जिद में नमाज पढ़ कर वहां से अपने बेटे के घर के आगे बैठ गया। इसी दौरान गांव के ही भुद्दू, मैनुद्दीन, ननके पुत्रगण नसीम ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। इशरार को बचाने भाई जहरुद्दीन दौड़ा तो हमलावरों ने उसे भी घायल कर दिया। घायलों को थाने लाकर जानलेवा हमला, गाली गलौज , धमकी की धाराओं में दोनों तीनों हमलावरों को नामजद कर केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। तहकीकात के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। जिस पर कोर्ट में विचारण शुरू हुआ। गवाह आदि के बयान दर्ज किए गए। जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुना। भुद्दू ,मैनुद्दीन व ननके को दोषसिद्ध पाए जाने पर पांच -पांच वर्ष की सजा व सात- सात हजार का जुर्माना लगाया गया है।

### चारा काटते समय मशीन में चिपका पति, बचाने पहुंची पत्नी, दोनों की मौत

कौशांबी। यूपी के कौशांबी जिले के मंझनपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह चारा काटते समय मशीन में करंट आने से एक दम्पति की मौत हो गई। चारा काटते समय करंट लगने से पहले पति उससे चिपक गया। पत्नी बचाने पहुंची तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। पुलिस ने बताया कि मंझनपुर थाना क्षेत्र के सैंबसा गांव का निवासी कमल सिंह (38) सुबह बिजली से चलने वाली मशीन से चारा काट रहा था। मशीन में अचानक करंट आ गया। करंट लगने से कमल मशीन में चिपक गया। यह देखकर पास खड़ी उसकी पत्नी शोभा देवी (35) उसे बचाने की कोशिश की तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## अलीगढ़ में खाना देने में देरी हुई तो शराबी पति ने पत्नी को मार दी गोली

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक जल्लाद पति ने खाना देरी से देने पर अपनी पत्नी के सीने में गोली उतार दी। गंभीर हालत में महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना को अंजाम देने के बाद से पति फरार है और पुलिस उसकी तलाश में है। जानकारी के मुताबिक मामला थाना सिविल लाइंस के हाथी डूबा गोश्त वाली गली का है।



पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसका पति असलम अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। छत की ऊपरी मंजिल पर बैठकर वो शराब पी रहा था और फिर नीचे उतरा और खाना मांगने लगा। जैसे ही वो खाना निकालने के लिए उठी वैसे ही उसने कूकर को लात मार दी और फिर कमरे के अंदर गया और बंदूक उठाकर ले आया। इसके बाद उसने अपने बच्चों के सामने ही अपनी पत्नी को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही इलाके में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग आनन फानन में महिला को लेकर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंचे। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी अस्पताल पहुंची लेकिन तबतक आरोपी पति फरार हो चुका था। पुलिस के मुताबिक गोली महिला के सीने में लगी है। महिला के परिवार की तरफ से आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी है।

## अयोध्या : राम की पैड़ी में उड़ी नियमों की धज्जियां

युवक ने सरयू नदी में किया बाइक से स्टंट; वीडियो वायरल

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में राम की पैड़ी पर स्नान करते हुए दंपति के रोमांस का वीडियो कुछ दिनों पहल जमकर वायरल हुआ था। यह मामला अभी शांत नहीं हुआ थी कि राम की पैड़ी का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसके एक युवक सरयू नदी में बाइक से स्टंट कर रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि राम की पैड़ी में लोग स्नान कर रहे हैं और एक युवक नदी में बाइक चला रहा है वह भी सिर्फ अंडरवियर में है। युवक द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए साफ देखा जा सकता है।



युवक के बाइक स्टंट का वीडियो वायरल होने से प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे है। हर रोज इतनी बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही के बावजूद कुछ लोग कैसे मनमानी कर लेते हैं। युवक का सरयू नदी में बाइक चलाते वीडियो वायरल हो रहा है।

नियमों की परवाह किए बिना राम की पैड़ी में प्रशासन की सख्ती की धज्जियां उड़ती साफ देखी जा सकती हैं। पावन सरयू नदी की जलधारा में एक युवक मोटरसाइकिल पर स्टंट कर रहा है। युवक की स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है।

### कुछ दिन पहले दंपति के रोमांस का वीडियो हुआ था वायरल

बीते दिनों राम की पैड़ी पर स्नान करते हुए दंपति के रोमांस का वीडियो जमकर वायरल हुआ था। दअसरल, सरयू नदी में एक युवक अपनी पत्नी को बाहों में लेकर चूमने लगा। दुनिया जहां से बेखबर इस प्रेमी जोड़े को होश ही नहीं रहा कि वो कहां खड़े हैं। पहले तो लोगों ने इन्हें इग्नोर किया लेकिन वहां मौजूद एक शख्स ने रोमांस में बाधा डाल दी और उस शख्स की बनियान पकड़कर उसे नदी से बाहर खींच लिया। फिर क्या था, लोग तो पहले से तमाशा देख रहे थे सो वो भी जमा हो गए।

इसके बाद लोगों ने उस शख्स पर थप्पड़ों की बारिश कर दी। गनीमत ये रही कि उसकी पत्नी के साथ किसी ने मारपीट नहीं की। बाद में विवाद बढ़ता देख मामला संत समाज के बीच भी गया। संत समाज ने भी इस घटना पर घोर आपत्ति जताई।

गौरतलब है कि अयोध्या स्थित सरयू नदी दुनियाभर में राम भक्तों की आस्था का केंद्र रहा है। लोग भक्ति भाव के साथ सरयू तट पर भगवान राम का नाम लेकर डुबकी लगाते हैं और फिर हनुमान गढ़ी और रामलला के दर्शन करते हैं।

## बुलंदशहर : सड़क हादसे में तीन श्रमिक महिलाओं की मौत

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में सोमवार को सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 91 पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 3 श्रमिक महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई तथा 08 अन्य घायल हो गये हैं। पुलिस के अनुसार एक मालवाहक पिकअप गाड़ी खुर्जा से बुलंदशहर की ओर जा रही थी। इसमें श्रमिक महिलाएं भी सवार थीं। वाहन चालक तेज गति से खुर्जा से बुलंदशहर की ओर आ रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वाहन सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। इससे आसपास के लोग इकट्ठे हो गए और इसकी सूचना खुर्जा देहात पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरु किया। इस दौरान जिला मुख्यालय से पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटननाग्रस्त पिकअप में फंसे सभी 9 महिला यात्रियों और चालक एवं परिचालक को निकाल कर घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां 3 महिलाओं ने दम तोड़ दिया। मृतक महिलाओं की शिनाख्त राजवती (40 वर्ष) पत्नी थान सिंह निवासी राधा नगर बुलंदशहर, मिथिलेश (45 वर्ष) पत्नी लाला निवासी रमपुरा बुलंदशहर और रमा (50 वर्ष) पत्नी चंद्रपाल निवासी हाइडल कॉलोनी बुलंदशहर के रूप में हुई है।

### कानपुर हिंसा में क्राउडफंडिंग करने वाला बिल्डर मोहम्मद वसी लखनऊ से गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर में नई सड़क हिंसा में क्राउडफंडिंग करने के आरोपी बिल्डर मोहम्मद वसी को क्राइम ब्रांच और एसआईटी की टीम ने देर रात लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। वसी को कानपुर लाया गया जहां पर उससे पूछताछ जारी है। 3 जून को नई सड़क में पथराव आगजनी हुई थी इस मामले में पुलिस ने हयात जफर हाशमी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में फंडिंग करने वाले बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार बाबा को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। मुख्तार बाबा और हयात जफर हाशमी से पूछताछ में बिल्डर मोहम्मद वसी का नाम सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू ले लिया था क्राइम ब्रांच और एसआईटी की टीम पिछले 15 दिनों से वसी की तलाश कर रही थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मोहम्मद वसी ने दिल्ली में फरारी कटी। इसके बाद वह लखनऊ आ गया था। यहां से वह विदेश भागने की फिराक में था जिसके लिए उसने दस्तावेज तैयार करा लिए थे। बिल्डर से पूछताछ कर पुलिस यह जानकारी करने की कोशिश कर रही है कि उसने किसको कब कैसे और कहां पर फंड उपलब्ध कराया फंडिंग करने में उसे कहीं से निर्देश मिले थे की नही। बिल्डर के नाम के साथ कई पुराने अपराधिक मामले भी जुड़े हुए हैं पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इन सभी मामलों में जांच पड़ताल कर उसी के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ज्ञानवापी : वजूखाने में गंदगी और अखिलेश-ओवैसी पर केस की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 15 तक टली

एजेंसी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने में गंदगी और नेताओं की बयानबाजी को लेकर वाराणसी की अदालत में मंगलवार को सुनवाई शुरू हुई। एसीजेएम पंचम उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत में अधिवक्ता की तरफ से अनुरोध के बाद मामले को 15 जुलाई तक टाल दिया गया है। वादी ने अदालत में आवेदन दिया कि अधिवक्ता दिल्ली से पहुंच नही पाए हैं। इसलिए सुनवाई की अगली तिथि दी जाए।



प्रकरण के अनुसार वादी व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि %छह मई को सर्वे टीम ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर कमीशन की कार्यवाही करने गई थी। जुमे की नमाज के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम पक्ष के लोग मौजूद थे। नमाजियों ने वजूखाने में हाथ-पैर धोए और गंदगी फैलाई। जबकि वह स्थान हमारे अराध्य भगवान शिव का स्थान है। यह हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है।

इसके अलावा एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने ज्ञानवापी प्रकरण पर बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है। अधिवक्ता ने ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, मुफ्ती ए बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन को भी प्रार्थना पत्र में शामिल किया है। उन्होंने कमीशन कार्यवाही के दौरान विरोध, बाधा पहुंचाने और वजूखाने में गंदगी फैलाने के आरोप में 156 (3) के तहत सभी आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

इस अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। कोर्ट में वादी हरिशंकर पांडे ने एक अर्जी दी कि इस मामले के सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आरपी शुक्ला व ध्रुव शुक्ला है। तबीयत खराब होने के कारण वह आज वाराणसी नहीं आ सके हैं। इसके बाद अदालत ने सुनवाई के लिए 15 जुलाई की तारीख लगा दी।

## निकुंज सेवा महोत्सव में पंच सेवा करने की होड़

मथुरा। राधारमण मन्दिर वृन्दावन में इन दिनों चल रहे निकुंज सेवा महोत्सव में भक्तों द्वारा पंच सेवा करने की धूम मची हुई है। ठाकुर का आशीर्वाद भक्तों को दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रसाद वितरण हो रहा है, वहीं मन्दिर में नित नये फूल बंगले ,नवीन झांकी, नवीन पोशाक, नवीन भोग और नवीन राग सेवा करने की भक्तों में होड़ लगी हुई है। मन्दिर के सेवायत आचार्य एवं ब्रज की विभूति आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी में मंगलवार को बताया कि मन्दिर में देवशयनी एकादशी की व्यापक तैयारियां हो रही है। इस बार यह पर्व 10 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन ठाकुर को भोग में नाना प्रकार के व्यंजन अर्पित किये जायेंगे तथा पूरे दिन भर भक्तों में प्रसाद का वितरण होगा। उन्होंने बताया कि देवशयनी एकादशी के बाद सांसारिक मंगल कार्य रूक जाते हैं मगर लोक कल्याणकारी धार्मिक और आध्यात्मिक कार्य इन्ही चार महीनों में होते हैं। जन्माष्टमी, राधाष्टमी, रक्षाबंधन, श्रावणी, नव दुर्गा, दशहरा, दीपावली आदि सभी उत्सव देवशयन काल में ही होते हैं। उनका कहना था कि जगत के लिए जो अमंगलकारी कार्य का समय है वही भगवत आराधना के लिए मंगलकारी कार्य समय है। इस दौरान विवाह आदि इसलिए बन्द हो जाते है कि लोगों को जगत का कार्य बन्दकर विधि विधान से प्रभु की भावपूर्ण सेवा करने का अवसर दिया जाता है जो इस अवसर का सही उपयोग करते हैं उनके लिए मोक्ष का द्वार खुल जाता है और जो इसका उपयोग नही कर पाते उन्हें बार बार विभिन्न योनियों में जन्म लेना पड़ता है।

आचार्य ने बताया कि देवशयनी एकादशी के इसी महत्व के कारण इस दिन के लिए ठाकुर के लिए व्यंजनों की तैयारी शुरू हो गई है। वैसे तो भक्त मन्दिर में आकर भगवत दर्शन करते ही हैं और लाड़ लड़ाते ही हैं लेकिन कुछ समय पहले ही दो विशेष यात्राए जल यात्रा और रथ यात्रां हुई। इन यात्राओं में भगवान ने मन्दिर से बाहर निकलकर बिना किसी भेदभाव के भक्तों को दर्शन सुलभ कराया था उस समय न केवल समूचा वृन्दावन सड़कों पर आ गया था बल्कि देश के कोने कोने से आए भक्तों ने ठाकुर के इस प्रकार के अनूठे दर्शन कर स्वयं को धन्य किया था । कुछ मन्दिरों में मर्यादा के कारण मुख्य विगृह मन्दिर से बाहर नही निकलकर आए तथा उन में मन्दिर के जगमोहन में ही इन दोनो त्योहारों का आयोजन किया गया था। रथ यात्रा पर तो राधारमण मन्दिर में एक हजार एक आमों का भोग ठाकुर को अर्पित किया गया था और बाद में इसका वितरण भक्तों में किया गया था। सेवायत आचार्य का कहना था कि निकुंज उत्सव में इस मन्दिर में केले के तने के कोमल छिलकों का अनूठा बंगला नित्य तैयार किया जा रहा है।

भक्त अपनी सामर्थ्य के अनुसार पंच सेवा भावपूर्ण तरीके से इस उम्मीद से कर रहे हैं कि भावपूर्ण सेवा करने के कारण ठाकुर ने जिस प्रकार गोपाल भट्ट गोस्वामी को न केवल आशीर्वाद दिया बल्कि उनकी इच्छा के अनुरूप ही तीन मन्दिरों के विगृह का समावेश राधारमण महराज के विगृह में कर दिया था उसी प्रकार उनके जीवन में ठाकुर सेवा के प्रति ऐसा भाव पैदा हो जाय कि उनका जीवन न केवल धन्य हो जाय बल्कि मोक्ष के द्वार उनके लिए खुल जांय।

## छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को 30 साल के कारावास की सजा

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में 12वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के 11 साल पुराने मामले के दो आरोपियों को स्थानीय अदालत ने सोमवार को दोषी ठहराते हुए 30 साल के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्तों को दुष्कर्म का वीडियो बना कर वायरल करने का भी दोषी ठहराया है। अदालत ने इस मामले के एक आरोपी पर 51500 रुपये व दूसरे पर 62 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार करीब 11 वर्ष पूर्व जिले के राठ में आरोपियों ने रास्ते में जा रही छात्रा को जबरन अपने घर ले जाकर इस वारदात को अंजाम देकर उसका वीडियो भी बनाया था। वीडियो वायरल करने व पीड़िता के परिजनों की हत्या करने की धमकी देकर आरोपी छात्रा से ढाई वर्ष तक मनमानी करते रहे।

जिससे तंग आकर पीड़िता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि छह मार्च 2011 की शाम सात बजे पीड़िता बाजार से अपने घर जा रही थी। उसी समय हेमंत पुत्र मुन्ना ने उसके घर के पास पहुंचने पर पीड़िता को दरवाजे पर अपने दोस्त फिरोज उर्फ आफताब के साथ मिलकर जबरन उसे घर के अंदर खींच लिया।

जब उसने शोर मचाया तो फिरोज ने उसे तमंचा दिखा कर धमकी दी और दोनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। इसके बाद दोनों अभियुक्त उसे बदनाम करने की धमकी देकर ढाई साल तक अपनी हवस का शिकार बनाते रहे।

### एमपी के गृह मंत्री के समधी के घर में चोरी

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा के सदर क्षेत्र में चोरो ने सोमवार और मंगलवार की रात एक व्यवसाई के फ्लैट में सेंधमारी कर लाखों रूपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। व्यवसायी रवि शिवहरे मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के समधी हैं।

आज सुबह चोरी की वारदात की जानकारी मिलते ही एस पी सिटी विकास कुमार समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और तफ्तीश शुरू कर दी। रवि शिवहरे ने बताया कि चोर रात करीब दो-ढाई बजे उनके घर में घुसे और बेटे-बहू के बन्द पड़े कमरे में सोने-चांदी के आभूषण, नकदी आदि कब्जे में कर ली। इसके बाद चोर दूसरे कमरे में घुसे तो उस कमरे में सो रही बेटी आहट सुनकर जाग गई और उसने ट्यूबलाइट जला दी। रोशनी होते ही चोर भाग निकले। बेटी ने दो चोरों को भागते देखा तो शोर मचा दिया।

## गुजरात स्टार्टअप के मामले में अव्वल

नई दिल्ली। गुजरात लगातार तीसरे स्टार्टअप रैंकिंग में पहले पायदान पर है। साल 2021 की रैंकिंग में उसे कर्नाटक के साथ बेस्ट परफॉर्मर चुना गया है। इसका मतलब है यह है कि देश में स्टार्टअप शुरू करने का सबसे बेहतरीन माहौल गुजरात और कर्नाटक में है। इन राज्यों में स्टार्टअप के लिए मेंटरिंग से फंडिंग तक हर सर्विस पाना आसान है। इंडस्ट्री प्रमोशन एंड इंटरनल ट्रेड डिपार्टमेंट की स्टार्टअप रैंकिंग-2021 रिपोर्ट में केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा व तेलंगाना टॉप परफॉर्मर की कैटेगरी में हैं। असम, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की लीडर्स स्टेट के रैंकिंग में रखा गया है। वहीं, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान एस्पायरिंग लीडर्स कैटेगरी में हैं। बिहार व आंध्र प्रदेश को इमर्जिंग स्टार्टअप इकोसिस्टम कैटेगरी में रखा गया है। राज्यों को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े 26 एक्शन प्वाइंट के आधार पर रैंकिंग दी गई है। गुजरात व कर्नाटक का परफॉर्मेंस पर्सेंटाइल 100 रहा। जबकि 60 से 99 पर्सेंटाइल वाले राज्य टॉप परफॉर्मर, 30 से 59 वाले लीडर्स, 11 से 29 वाले एस्पायरिंग लीडर्स और 10 पर्सेंटाइल वाले इमर्जिंग स्टार्टअप इकोसिस्टम कैटेगरी में हैं।

## क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी एवं हाईज़ीन समाधानों पर इंटीग्रेटेड एक्सपो उत्तर भारत

नयी दिल्ली। क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी पर एशिया के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड एक्सपो क्लीन इंडिया टेक्नॉलॉजी वीक का ग्रेटर नोएडा में 13 से 15 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। इसमें क्लीन इंडिया शो का 18 वां संस्करण, वेस्ट टेक्नॉलॉजी इंडिया एक्सपो, लॉड्रेक्स इंडिया एक्सपो और ऑटो केयर एक्सपो शामिल हैं, जिनके पाँच कॉन्फ्रेंस और सेमिनार आयोजित होंगे। पश्चिमी, केंद्रीय और दक्षिण भारत में पिछले 17 सालों से सफल शो के बाद, सीटीडब्लू इंडिया उत्तर भारत में एक दशक के बाद और उत्तर प्रदेश में पहली बार आ रहा है। सरकार, उद्योगों, संस्थाओं, कमर्शियल एवं रिटेल सुविधाओं तथा सेगमेंट्स की क्लीनिंग एवं हाईज़ीन की जरूरतों को देखते हुए एक्सपो में भारतीय प्रोफेशनल क्लीनिंग सेगमेंट मैकेनाईज़्ड और ऑटोमेटेड क्लीनिंग के लिए इनोवेशन, टेक्नॉलॉजी, सिस्टम एवं उत्पाद लेकर आ रहा है। इन समाधानों में सतहों का रखरखाव, हवा की गुणवत्ता मापने की प्रणाली, रखरखाव के लिए समझदार मशीनें, स्वच्छ वातावरण एवं स्मार्ट शहरों के लिए प्रभावशाली एवं किफायती उत्पाद, रोबोट द्वारा कचरे का पृथकीकरण, हाईज़ीन के कपड़ों के लिए प्रभावशाली समाधान, वाहन की देखभाल के लिए उत्पाद एवं सस्टेनेबिलिटी एवं नेट जीरो का उद्देश्य पूरा करने के लिए जरूरी हर चीज शामिल है। वर्चुअल इन्फो सिस्टम्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इन एक्सपो को स्वच्छ भारत 2.0, इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन, नेशनल सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया, बायोगैस एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं अन्य संस्थाओं का सहयोग है।

# वीवो के 44 ठिकानों पर ईडी का छापा

## मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप; अप्रैल में शाओमी की 5551 करोड़ की संपत्ति हुई थी जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चाइनीज कंपनी वीवो पर छापा मारा है। UP, MP, बिहार, झारखंड, पंजाब और हरियाणा सहित कई राज्यों के 44 जगहों पर इससे जुड़ी फर्मों में तलाशी ली गई है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में यह छापेमारी हो रही है। श्वष्ठ की कई टीमें सुबह से अलग-लाग जगहों पर छापेमारी कर रही हैं। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो भी पहले से जांच कर रही है।

### IT और ED के निशाने पर हैं चाइना की मोबाइल कंपनियां

चाइना की अन्य कंपनियों की तरह वीवो भी IT और ED के रडार पर है। अप्रैल में जांच की मांग की गई थी कि क्या वीवो की ऑनरशिप और फाइनेंशियल रिपोर्ट में गड़बड़ी है या नहीं? ED, CBI के साथ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय भी इन कंपनियों से जुड़े फर्मों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

### शाओमी पर भी हुई थी कार्रवाई

स्मार्टफोन बनाने वाली चीनी कंपनी शाओमी पर श्वष्ठ ने छापेमारी की कार्रवाई की थी। इसके बेंगलुरु स्थित ऑफिस से अप्रैल में ईडी ने 5,551 करोड़ रुपए की रकम जब्त की थी।



कंपनी पर अपनी कमाई को गैरकानूनी तरीके भारत से बाहर भेजने का आरोप था।

कंपनी ने यह हेराफरी इसी महीने फरवरी में की थी, जिसके बाद संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। ईडी का कहना था कि टेक कंपनी रॉयल्टी के नाम पर इस तरह के बड़े अमाउंट की हेराफेरी चीन में मौजूद अपनी पेरेंट कंपनी के इशारे पर कर रही थी। इसे अमेरिका में मौजूद शाओमी ग्रुप कंपनी को भी भेजा गया था।

### हुवावे में हुई थी छापेमारी

इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने फरवरी में हुवावे के कार्यालयों में भी छापेमारी की थी।

जांच एजेंसी की ये तलाशी दिल्ली, हरियाणा, गुरुग्राम और बेंगलुरु के ऑफिस में की गई थी। अधिकारियों ने टैक्स चोरी मामले में कुछ कागजात भी जब्त किए थे। हुवावे ने एक बयान में कहा था कि भारत में कंपनी चलाने के लिए हम हर नियम का पालन कर रहे हैं।

देश में मोबाइल मार्केट में चाइनीज कंपनियों का बहुत दबदबा है। शाओमी, ओप्पो और वीवो जैसी कंपनियां अच्छी कमाई कर रही हैं। इन सभी कंपनियों पर पिछले कुछ सालों के दौरान रेगुलेटरी फाइलिंग और दूसरी तरह की रिपोर्टिंग में गड़बड़ी करने का आरोप है। इसके साथ ही देश के बाहर पैसा भेजने का भी आरोप है, जिसके बाद सरकार ने सभी के खिलाफ बड़ी जांच शुरू की थी। यह जांच कई एजेंसियां कर रही हैं।

# एमएसएमई के व्यावसाय बढ़ाने के लिए बीमा है जरूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले प्रमुख उत्प्रेरकों में से एक है। ये क्षेत्र रोजगार के असीमित अवसर उत्पन्न कर रहा है। हालांकि, अनेक एमएसएमई अपने व्यावसाय को बढ़ा रहे हैं पर कई बार वे बीमा को कोई तवज्जो नहीं देते।

अगर उन्हें बीमा की जानकारी होती भी है तो वह केवल अपने संसाधनों का आग से बचाव के लिए फायर कवर लेते हैं। एमएसएमई के सामने दूसरे भी बहुत से जोखिम होते हैं, जो उनके अस्तित्व के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इन जोखिमों से बचाव के लिए बीमा यह सुनिश्चित करने के लिए काफी महत्वपूर्ण है, कि कंपनियां किसी मुसीबत या आपदा की स्थिति में जितनी जल्द से जल्द हो सके, अपने पैरों पर फिर दोबारा खड़ी हो सके। अचानक लगने वाले सदमों और अनिश्चितताओं से इंश्योरेंस किसी कंपनी या संगठन को सुरक्षा प्रदान करता है। इससे एमएसएमई की दीर्घकालीन कारोबारी योजनाओं पर होने वाले विपरीत असर को कम करने में मदद मिलती है। इससे किसी कारोबार का अस्तित्व और उनका लंबे समय तक चलना सुनिश्चित रहता है। एमएसएमई के लिए बीमा की जरूरत पर अपनी बात रखते हुए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद पेजावर ने कहा, एमएसएमई को अक्सर आग लगने, चोरी होने, वर्कप्लेस पर होने वाली अप्रिय घटनाओं और बाढ़ के खतरों का सामना करना पड़ता है। इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के हानिकारक प्रभावों से बचने के लिए कंपनी के पास विस्तृत बीमा योजना होनी चाहिए।

## चुनिंदा खाद्य तेलों व दालों में घटबढ़, चीनी गरम

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन में घटबढ़ रही। मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूँ स्थिर रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 187 रिंगिट बढ़कर 4875 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल का जुलाई वायदा जुलाई वायदा 0.12 सेंट की गिरावट लेकर 66.86 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान वनस्पति 368 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 140 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सरसों तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया। इस दौरान सोया रिफाइंड, मूंगफली और पाँम ऑयल में टिकाव रहा। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में आवक घटने का असर दिखा जहां चीनी 80 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गयी जबकि गुड़ स्थिर रहा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।**

मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार की सुबह अच्छी शुरुआत हुई पर समय के साथ ही बाजार गिरने लगा। दिन का कारोबार समाप्त होने तक बाजार की बढ़त पूरी तरह समाप्त हो गयी गयी और वह लाल निशान पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सभी क्षेत्रों में मिला-जुला रुख देखा गया। धातु, आईटी, फॉर्मा व एफएमसीजी सहित अन्य सभी शेयर नीच आये। कारोबार के अंत में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100.42 अंक करीब 0.19 फीसदी टूटकर 53,134.35 के स्तर पर बंद हुआ जबकि पचास शेयरों वाला निफ्टी -24.50 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी नीचे आकर ही 15,810.85 अंकों पर बंद हुआ। हिंडाल्को, पावरग्रिड, श्रीराम सीमेंट, ओएनजीसी बजाज के शेयरों को लाभ हुआ जबकि आईटीसी, एचडीएफसी लाइफ, विप्रो, बीपीसीएल व ब्रिटानिया के शेयर गिरे हैं।

इससे पहले गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। विदेशी निवेशकों की बाजार से




रकम निकालने का सिलसिला जारी रहा। जून के बाद अब जुलाई में भी लगातार निकासी चल रही है. पिछले कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 2,149.56 करोड़ निकाले है। यह भी बाजार में गिरावट का एक कारण है।



## सोने के भाव में लगातार तेजी

**- 3 दिन में 700 रुपया प्रति 10 ग्राम बढ़े दाम**

**नई दिल्ली।** मल्टीपल कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा सोने की कीमत में लगातार तेजी देखने को मिल रही है।पिछले 3 दिनों में 700 रूपये प्रति 10 ग्राम की दर से सोने के रेट बढे हैं। सरकार ने आयातित सोने पर टैक्स बढ़ाने के बाद भी सोने की कीमतों में उछाल बना हुआ है। महंगाई बेरोजगारी के बाद शेयर बाजार में लगातार गिरावट के बाद अब एक बार फिर निवेशकों का सोने मैं निवेश बढा है। उल्लेखनीय है, सारी दुनिया में स्टील अल्मुनियम और धातुओं के दाम में जहां मंदी देखने को मिल रही है। वही सोने के दामों में लगातार तेजी को आर्थिक मंदी से भी जोड़कर देखा जा रहा है।




## नई ब्रांच खोलेगी मुथूट फाइनेंस

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ने एनएफसी कंपनी मुथूट फाइनेंस को 150 नई ब्रांच खोलने की मंजूरी दे दी है। गोल्ड लोन देने वाली यह कंपनी अब देशभर में गोल्ड लोन फाइनेंस और अन्य सेवाओं के लिए 150 नई ब्रांचे विभिन्न राज्यों में खोलने जा रही है। उल्लेखनीय है मुथूट फाइनेंस को 3 वर्षों के बाद रिजर्व बैंक द्वारा यह मंजूरी दी गई है। दक्षिण भारत और उत्तर भारत के राज्यों में जल्द ही नई ब्रांच खोली जाएंगी।

## रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के एकीकरण के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र की शीर्ष बैंक एचडीएफसी बैंक ने बताया कि उसे उसकी मूल कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड के साथ एकीकरण के प्रस्ताव के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। बैंक ने कहा, 'एचडीएफसी को आरबीआई का 4 जुलाई, 2022 का पत्र मिला है जिसमें आरबीआई ने योजना के लिए अपनी 'अनापत्ति' व्यक्त की है और इसके लिए कुछ शर्तों का उसमें उल्लेख है।' विलय के लिए कुछ वैधानिक और नियामक मंजूरियां जरूरी होंगी। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रस्तावित विलय के लिए बीएसई और एनएसई से मंजूरी मिल गई थी।

## आईडीबीआई बैंक का स्वर्ण ऋण कारोबार 10,000 करोड़ रुपये के पार




**मुंबई।** आईडीबीआई बैंक ने 'स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियों में 10,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पार कर लिया है। मंगलवार को जारी एक बैंक विज्ञप्ति से इसकी जानकारी मिली। बैंक ने कहा, ÷आईडीबीआई बैंक ने स्वर्ण ऋण में 10,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर एक प्रतिष्ठित उपलब्धि हासिल की है। पिछले दो वर्षों में बैंक की स्वर्ण ऋण बही 5,000 करोड़ रुपये से दोगुनी होकर 10,000 करोड़ रुपये हो गई। एलआईसी नियंत्रित बैंक ने कहा कि उसकी ऋण संचालन प्रक्रिया पूरी तरह से स्वचालित है और इससे 'स्वर्ण ऋण बही' की वृद्धि में मदद मिली है। बैंक ने कहा कि ग्राहक आमतौर से 10 से 15 मिनट में लेनदेन प्रक्रिया पूरी करते हैं।

## अब 12से15 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल पर नहीं लगेगी एक्साइज ड्यूटी!

**- वित्त मंत्रालय ने जारी किए दिशानिर्देश**

**नई दिल्ली।** देश के वित्त मंत्रालय ने एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल को बढ़ावा देने के मद्देनजर घोषणा की है कि अब 12-15 फीसदी एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी नहीं देनी होगी। यही नहीं। इस निर्णय पर तत्परता दिखाते हुए वित्त मंत्रालय इसके संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। मनीकंट्रोल की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के नोटिफिकेशन पर जानकारी देते हुए सीएनबीसी-आवाज़ के इकोनॉमिक पॉलिसी एडिटर लक्ष्मण रॉय ने कहा कि जिस भी पेट्रोल में 12 से 15 प्रतिशत तक की एथेनॉल ब्लेंडिंग की गई है तो ब्लेंडेड एथेनॉल पर एक्साइज ड्यूटी से छूट रहेगी। लक्ष्मण रॉय ने एक्साइज ड्यूटी पर छूट के बारे विस्तार से समझाते हुए कहा कि मान लीजिए कि कुल 100 लीटर पेट्रोल है, जिसके 12 प्रतिशत मात्रा यानी 12 लीटर की एथेनॉल ब्लेंडिंग की गई है, तो उस 12 लीटर पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी नहीं देनी होगी। हालांकि 100 लीटर पेट्रोल के बाकी 88 प्रतिशत यानी कि 88 लीटर पर पेट्रोल पर पहले की तरह ही एक्साइज ड्यूटी देनी होगी। लक्ष्मण ने ये भी बताया कि एक महीने पहले ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एथेनॉल ब्लेंडिंग के सरकार के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए 9.5 प्रतिशत का टार्गेट हासिल कर लिया था। अब ये खबर है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एथेनॉल ब्लेंडिंग में 10 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है। सरकार द्वारा इस लक्ष्य को आगे और बढ़ाये जाने की उम्मीद है।




## एशियाई और अमेरिकी शेयर बाजारों में बढ़त

**टोक्यो।** एशियाई और अमेरिकी शेयर बाजारों में बढ़त का माहौल है। वहीं यूरोपीय बाजारों में भी उछाल है। एशियाई बाजारों की बात करें तो सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सुबह कारोबार के दौरान 0.41 फीसदी की तेजी आई जबकि जापान का निक्केई 1.02 फीसदी की बढ़त पर कारोबर कर रहा है। ताइवान के बाजार में भी 1.80 फीसदी का उछाल रहा जबकि दक्षिण कोरिया का बाजार कॉस्पी 1.44 फीसदी की बढ़त पर देखा गया। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 फीसदी नुकसान पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर फेड रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाए जाने के बाद भी निवेशकों के सकारात्मक रुख से अमेरिकी बाजारों में तेजी है पर यूरोपीय बाजारों में गिरावट दर्ज की गयी है। अमेरिका में मंदी की आशंका के बाद भी निवेशकों के रुख से बाजार में तेजी है। निवेशकों के इस सकारात्मक रुख से अमेरिका के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज नेसडेक पर पिछले कारोबारी सत्र में 0.90 फीसदी की तेजी आई। वहीं अमेरिका की ही तरह से यूरोपीय बाजारों में भी ज्यादातर स्टॉक एक्सचेंज लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी के स्टॉक एक्सचेंज पर 0.31 फीसदी की गिरावट आई। फ्रांस का शेयर बाजार 0.40 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। इसके अलावा लंदन स्टॉक एक्सचेंज भी उछाल रहा।

# ब्रिटेन बना 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश, भारत मात्र 13 अरब डॉलर से पिछड़ा

**नई दिल्ली।**

महामारी कोरोना के दंश को झेल चुकी भारतीय अर्थव्यवस्था को तेज सुधारों के बावजूद 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश का तमगा खोना पड़ा है। विश्‍व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार अब ब्रिटेन दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थ० यवर्‍ था बन गया है। वर्ल्ड बैंक के हवाले से बताया कि वैसे तो ब्रिटेन से भारत महज 13 अरब डॉलर पीछे है लेकिन आर्थिक वृद्धि में वह ब्रिटेन से कहीं आगे है। एक्‍ सपर्ट का कहना है कि यह सिर्फ एक साल की बात है और भारत फिर ब्रिटेन को पीछे छोड़ देगा। वास्तविक टर्म में देखा जाए तो दोनों की जीडीपी के आकार में कोई अंतर नहीं है, लेकिन यह रिपोर्ट साल 2021 पर आधारित है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तवर्ष यानी 2021-22 के हिसाब से चलती है।

मौजूदा समय में दोनों अर्थव्यवस्था 32 खरब डॉलर के आकार की हैं, लेकिन 2021 की समाप्ति तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 31.7 खरब डॉलर जबकि ब्रिटेन की जीडीपी का आकार 31.9 खरब डॉलर रहा था। 2021 में भारत की जीडीपी महज 13 अरब डॉलर पीछे थी ब्रिटेन की जीडीपी से। 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था में ब्रिटेन के मुकाबले ज्यादा तेजी से सुधार आया है। भारत भले ही जीडीपी के आकार के मामले में ब्रिटेन से पीछे चला गया है, लेकिन कोरोना पूर्व स्तर से मौजूदा रिकवरी को



देखा जाए तो भारत ने कहीं बड़ी छलांग लगाई है। ब्रिटेन की जीडीपी में 2019 के स्तर से 2.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि भारत ने 2019 के मुकाबले अपनी जीडीपी में 17।8 फीसदी की बढ़त दर्ज की है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर का कहना है कि भारत जल्द ही फिर ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान पर आ जाएगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्तवर्ष में जिस तरह भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। वित्तवर्ष की समाप्ति तक यह फिर पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। अगर पर्चेजिंग पॉवर पैरिटी (पीपीपी) की बात की जाए तो भारत इस मामले में तीसरे पायदान पर आ गया है। उससे ऊपर अमेरिका और चीन ही हैं। भारत की पीपीपी 2021 में 102.2 खरब डॉलर की थी, जो जापान के 54 खरब डॉलर से करीब दोगुना है। पीपीपी का मतलब है कि किसी देश में रहने की लागत जबकि उसकी स्थानीय करेंसी को डॉलर के टर्म में बदला जाए। इस लिहाज से चीन की पीपीपी सबसे ज्यादा 273.1 खरब डॉलर की है।

# एलआईसी पर भरोसा, ब्रोकरेज को शेयर में उछाल की आस, बाय रेटिंग के लिए दिया 830 रुपये का लक्ष्य




**नई दिल्ली।**

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी शेयरों में लगातार गिरावट जारी है पर इसकी साख पर लोगों की उम्मीद बरकरार है इसका कारण है वर्षों का विश्वास। कंपनी ने ग्राहकों तक वृहद पहुंच के बल पर जीवन बीमा क्षेत्र में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। ऐसा तब है जब नई कंपनियां भी इस क्षेत्र में उतर आई हैं। ब्रोकरेज मोतीलाल ओसवाल ने एलआईसी पर भरोसा जताते हुए इसके शेयरों की कवरेज शुरू कर दी है। मोतीलाल ओसवाल ने इसे 830 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ बाय रेटिंग दी है। मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि कंपनी लगभग 10 फीसदी का सीएजीआर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) डिलीवर करेगी। साथ ही नए बिजनेस का मार्जिन भी 13.6 फीसदी तक सुधर सकता है। ब्रोकरेज ने कहा है, 'एलआईसी के लिए एन्युटी सेग्मेंट में बड़ी बढ़त है। जिसका उसे फायदा मिलेगा। हालांकि, प्राइवेट प्लेयर्स भी इसमें अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं।' ब्रोकरेज ने कहा है कि अब एलआईसी की मार्केट वैल्यू काफी आकर्षक नजर आ रही है।

लिस्ट होने के बाद से ही एलाईसी के शेयरों में गिरावट का दौर जारी है। कंपनी के शेयर मौजूदा समय में आईपीओ प्राइस बैंड से 34 फीसदी नीचे आकर ट्रेड कर रहा है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि पिछ्ले पांच दिनों के दौरान स्टॉक 659 रुपये से बढ़कर 707.20 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। इस दौरान शेयरों में करीब 7.03 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। वहीं, बीते एक महीने की बात करें तो शेयर करीब 9 फीसदी तक टूट गए हैं।

भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) ने अपने शेयरधारकों के लिए डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट की घोषणा कर दी है। कंपनी ने सोमवार को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि रिकॉर्ड डेट 26 अगस्त 2022 होगी। एलआईसी ने 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले हर शेयर पर '1.50 के लाभांश की घोषणा की थी। यह इसकी आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने अब अपने इस लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि तय की है। एलआईसी मई में एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हुई थी। इसकी वार्षिक आम बैठक 27 सितंबर, 2022 को आयोजित होगी।

## रुपया 79.36 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा गया। रुपया 79.36 प्रति डॉलर (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आया। विदेशों में डॉलर के कमजोर होने के साथ ही विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से रुपये में यह गिरावट आई है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.04 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 79.02 के उच्चतम स्तर और 79.38 रुपये के निचले स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में रुपया अपने पिछ्ले बंद भाव 78.95 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले 41 पैसों की भारी गिरावट के साथ ही 79.36 रुपये प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। वहीं विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.89 फीसदी बढ़कर 106.07 पर पहुंच गया।

## शार्ट न्यूज

### चौथे दौर की जीत के बाद क्वार्टरफाइनल में भिड़ेंगी हालेप, एनिसिमोवा

लंदन। रोमानिया की सिमोना हालेप ने स्पेन की चौथी सीड खिलाड़ी पौला बडोसा को हराकर विम्बलडन के क्वार्टरफाइनल में पांचवीं बार जगह बनायी। हालेप ने सोमवार को 1000 दिनों बाद सेंटर कोर्ट में वापसी करते हुए बडोसा को 6-1, 6-2 से लगातार सेटों में शिकस्त सौंपी। हालेप ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने 59 मिनट के मुकाबले में बडोसा की सर्विस को पांच बार तोड़ा, जबकि वह अपनी सर्विस एक बार भी नहीं गंवाई। उन्होंने 17 विनर्स लगाये जबकि सिर्फ नौ बेजां भूलें कीं। हालेप का सामना क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा से होगा जिन्होंने फ्रांस की हार्मनी टैन को चौथे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-3 से मात दी। तीसरे दौर में फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट कोको गाफ़ को मात देकर आईं हालेप ने अनुशासन दिखाते हुए टैन को लय में नहीं आने दिया। एनिसिमोवा ने 74 मिनट चले मैच में 28 विनर्स खेलकर सिर्फ 18 बेजां भूलें कीं। दूसरी ओर टैन ने सिर्फ नौ विनर्स खेले जबकि 12 बेजां भूलें कीं।

### दीप्ति, शेफ़ाली और रेणुका की वनडे रैंकिंग में सुधार

दुबई। हालिया जारी महिला वनडे रैंकिंग में दीप्ति शर्मा और शेफ़ाली वर्मा को अच्छा प्रदर्शन करने का ईनाम मिला है। शेफ़ाली ने 12 स्थान की छलांग लगाते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 36वां रैंक प्राप्त किया है। शेफ़ाली ने इस वनडे सीरीज़ में दो मैचों में 95.49 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए हैं, जिसमें दूसरे वनडे में 71 रन की नाबाद मैच जिताऊ पारी भी शामिल है। वह टी20 रैंकिंग में पहले से ही पांचवें स्थान पर हैं। वहीं हरफ़नमौला दीप्ति को बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी दोनों रैंकिंग में फ़ायदा हुआ है। उन्होंने दो वनडे में पांच विकेट लिए हैं और गेंदबाज़ी में 16वें स्थान पर काबिज हैं, जबकि बल्लेबाज़ी में दोंनों मैचों में उपयोगी पारियां खेलने के बाद उनका रैंक 29वां है। ऑलराउंडर की सूची में वह छठे स्थान पर हैं। सिर्फ़ चार वनडे खेलने वाली 26 साल की रेणुका सिंह ने दूसरे वनडे में 28 रन देकर 4 विकेट लिए थे और प्लेयर ऑफ़ द मैच बनी थीं। इस प्रदर्शन के बाद वह 38 स्थान ऊपर आकर 65वें नंबर पर हैं। अगर भारत, श्रीलंका के ख़िलाफ़ सीरीज़ का आख़िरी मैच भी जीत जाता है तो 3-0 की जीत और छह अंक के साथ वह आईसीसी महिला चैंपियनशिप तालिका में दक्षिण अफ्रीका के साथ पहले स्थान पर आ जाएगा।

### दिल्ली के सुधीर ने उज़्बेकिस्तान में भारत के लिए जीता कांस्य पदक

नयी दिल्ली। अंतराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके वाराणसी के सुधीर सक्सेना ने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद शहर में हुए किकबॉक्सिंग इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट में भारत के लिए कांस्य पदक जीता है। सुधीर ने 91 किलो भार वर्ग मे कांस्य जीता।सुधीर की इस सफलता पर उनके घर परिवार में खुशी का माहौल है 7 इस सफलता पर वाको इंडिया किकबॉक्सिंग के प्रेजिडेंट संतोष अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी है। सुधीर ने अभी अक्टूबर 2021 में इटली में हुई वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे तथा अभी तक आर्थिक तंगी और प्रायोजकों के अभाव के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और सच्ची लगन से विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ लोहा लेते हुए भारत के लिए 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतना अपने आप में एक गौरवपूर्ण बात है तो आश्चर्यचकित कर देने वाली भी। आश्चर्यजनक इसलिए कि सरकार और प्रायोजकों के बिना खेल के प्रति इतना जुनून और देश का मान बढ़ाने का इतना समर्पण उदाहरण के तौर पर कम ही देखने सुनने में आता है। अंतराष्ट्रीय खेल किक बॉक्सिंग जिसमें भारत की पहुंच आज तक दुर्लभ देखी गई है, ऐसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्व चैम्पियनशिप और एशियन चैंपियनशिप के सदस्य सुधीर सक्सेना भारत के लिए विश्व स्तर पर एक गौरवपूर्ण भूमिका के किरदार हैं।

### अश्विन को बाहर रखने पर दानिश कनेरिया ने उठाया सवाल

बर्मिंघम। इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट मैच में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को नहीं खिलाए जाने के फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने इस निर्णय को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जहां सोमवार को मैच के चौथे दिन भारतीय टीम विकेट हासिल करने की कोशिश में जूझती नजर आई, वहीं रूट (76) और जॉनी बेयरस्टो (72) दोनों के नाबाद अर्धशतकों ने इंग्लैंड को अंतिम दिन से पहले शानदार स्थिति में पहुंचा दिया। इसे लेकर कनेरिया ने कहा कि टीम इंडिया अब इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए खराब चयन की कीमत चुका रही है। देश के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप पर पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा, एजबेस्टन में टीम इंडिया जीतने से हारने की स्थिति में आ गई। रविचंद्रन अश्विन प्लेइंग इलेवन में क्यों नहीं थे, किसने यह फैसला लिया, कोच के रूप में द्रविड़ ने इंग्लैंड में बहुत खेला है और वह स्थिति को अच्छी तरह से जानते हैं कि इंग्लैंड की गर्मी के चलते विकेट पके और सूखे होते हैं और तीसरे दिन से गेंद स्पिन करने लग जाती है, जहां सीम है वहां नमी के कारण गेंद स्पिन करेगी। केवल बुमराह को देखकर लगता है कि वह चमत्कार कर सकता है। भारत ने गलती की और इसकी कीमत चुकाई।

### कीवी महिला, पुरुष खिलाड़ियों को मिलेगा बराबर वेतन

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने लैंगिक समानता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को कहा कि महिला और पुरुष क्रिकेटरों को न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करने और उच्च-श्रेणी घरेलू मैचों में खेलने के लिये समान पारिश्रमिक दिया जाएगा। महिला और पुरुष खिलाड़ियों को मिलने वाले पारिश्रमिक में रिटेनर, मैच फीस, ट्रस्ट आईपी भुगतान, सेवानिवृत्ति निधि योगदान और बीमा शामिल हैं। बोर्ड ने यहां जारी एक बयान में कहा, एनजेडसी, छह बड़े क्रिकेट संघों और न्यूजीलैंड क्रिकेटर संघ के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते के तहत, न्यूजीलैंड के पेशेवर महिला और पुरुष क्रिकेटरों को एक ही दिन एक ही तरह का काम करने के लिये एक ही तरह का पारिश्रमिक दिया जाएगा। महिला और पुरुष क्रिकेटरों को एक ही श्रेणी में डालने वाले पांच साल के करार में राष्ट्रीय और घरेलू महिला खिलाड़ियों को उनके सभी प्रारूपों और प्रतियोगिताओं में पुरुषों के समान मैच फीस दी जाएगी। महिला कीवी टीम की कप्तान सोफी डेवाइन ने कहा कि यह समझौता महिला क्रिकेट के लिये ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा, पुरुषों की श्रेणी में रखे जाना अंतरराष्ट्रीय और घरेलू महिला क्रिकेटरों के लिये बहुत अच्छा है। यह एक बड़ा कदम है जो युवा महिलाओं और लड़कियों के लिए एक बड़ा लाभकारी साबित होगा।

### पांच साल बाद ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचीं सानिया

लंदन। भारत की टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने अपने क्रोएशियाई साथी मेट पाविक के साथ मिलकर गेबरियेला डाब्रोस्की और जॉन पियर्स की मिश्रित युगल जोड़ी को हराकर विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सानिया-मेट की जोड़ी ने सोमवार को हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पियर्स और कनाडा की गेबरियेला डाब्रोस्की को 6-4, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। सानिया ने इस जीत के साथ पांच साल बाद किसी ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सानिया पहली बार विम्बलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वह 2011, 2013 और 2015 के क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो चुकी हैं। छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता सानिया मिर्जा 2009 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन और 2014 यूएस ओपन का मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। सेमीफाइनल में भारतीय-क्रोएशियाई जोड़ी का सामना रोबर्ट फराह-जेलेना ओस्तापेनको या नील स्कूप्सकी-डेज़ीरे क्रॉज़िक में से किसी एक जोड़ी से होगा।

# रुट और बेयरस्टो के शतक, इंग्लैंड ने की 2-2 से बराबरी

बर्मिंघम। जो रुट (नाबाद 142) और जानी बेयरस्टो (नाबाद 114) के शानदार शतकों तथा उनके बीच चौथे विकेट के लिए 269 रन की अविजित साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत को पांचवें टेस्ट के पांचवें दिन मंगलवार को सुबह के सत्र में सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली।

इंग्लैंड ने 378 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट पर 259 रन से आगे खेलना शुरू किया और तीन विकेट पर 378 रन बनाकर ऐतिहासिक जीत अपने नाम की।

चौथी पारी में 378 रन बनाना है। कुछ साल पहले अगर यह कोई कहता तो एक ही शब्द दिमाग में सबसे पहले आता, लगभग असंभव लेकिन यह एक नए युग की शुरुआत है, जहां टेस्ट क्रिकेट में रूट बेयरस्टो से तेज़ खेलते हैं, जहां टीम ड्रॉ को कोई विकल्प नहीं मानती, वह जीत या हार के लिए खेलना चाहती है। कमाल का रहा यह मैच, दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया लेकिन रूट और बेयरस्टो की बल्लेबाज़ी के सामने भारतीय टीम की आक्रामक गेंदबाज़ी का रंग फीका पड़ गया। भारत ने दूसरी पारी में 245 रन बनाये और मेजबान टीम के सामने जीत के लिए 378 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चायकाल तक एक विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे जिसने टीम को विजयी आधार दे दिया। इंग्लैंड ने दो रन के अंतराल में तीन विकेट गंवाए। तीसरा विकेट 109 रन के स्कोर पर गिरने के बाद रुट और बेयरस्टो ने कल चौथे विकेट के लिए 150 रन की




अविजित साझेदारी कर इंग्लैंड को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। आज उन्होंने इस साझेदारी को आगे बढ़ाया और बिना कोई विकेट खोये मैच समाप्त कर ही दम लिया।

रुट 173 गेंदों में 19 चौकों और एक छक्के की मदद से 142 और बेयरस्टो ने 145 गेंदों में 15 चौके और एक छक्के के सहारे 114 रन बनाकर अविजित पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के तीन विकेटों में से दो भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह के हिस्से में गए जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

इस सत्र का अपना छठा शतक बनाने वाले जॉनी बेयरस्टो को इस मैच की दोनों पारियों में शतक बनाने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत प्लेयर ऑफ़ दे मैच का ख़िताब दिया गया। उन्होंने कहा, पिछले कुछ महीने मेरे लिए शानदार रहे हैं। मैं ज्यादा कुछ नहीं कर रहा हूं, बस अपने खेल को साधारण बनाने का प्रयास कर रहा हूं। अपने बेसिक्स को ठीक करने का प्रयास कर रहा हूं। हम कोशिश करते हैं कि विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाया जाए। मेरे लिए पिछले कुछ महीने काफ़ी शानदार रहे हैं। हम जिस शैली की क्रिकेट खेल रहे हैं, उसमें हमें कई बार हार भी मिलेगी लेकिन लगातार सकारात्मक मानसिकता के साथ अपने खेल को आगे बढ़ाने एक बढ़िया सोच है। मैं बायो बबल में रहना पसंद नहीं करता। मैदान पर उतर कर खेलना, प्रदर्शन करना काफ़ी बढ़िया अनुभव है

अपना 28वां टेस्ट शतक बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जो रूट ने कहा, बेन (स्टोक्स) ने टॉस से पहले कहा था कि हम पहले बल्लेबाज़ी नहीं करेंगे। हम चेज़ करेंगे। इस पारी में हमारे सलामी बल्लेबाज़ों ने काफ़ी बढ़िया शुरुआत दिलाई। एक शानदार तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण के सामने यह बहुत ही महत्वपूर्ण साझेदारी थी। ड्रेसिंग रूम में सबकी एक ही मानसिकता थी कि स्कोर जो भी हो, हम उसका पीछा करेंगे। मुझे लगता है कि मैं अच्छा क्रिकेट खेल रहा हूं। इसे ज़ारी रखने के लिए कड़ी मेहनत करने की ज़रूरत है। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

## 27 साल की हुईं ओलम्पिक पदक विजेता सिंधु

नयी दिल्ली। भारत की सबसे सफल शटलर पीवी सिंधु ने मंगलवार को अपना 27वां जन्मदिन मनाया। भारत के लिये विश्व चैंपियनशिप से लेकर ओलंपिक में पदक जीतने तक के सफर में वह बैडमिंटन जगत का एक बड़ा नाम बन गयी हैं। सायना नेहवाल के बाद सिंधु ओलंपिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय शटलर हैं। वह सुशील कुमार के बाद लगातार ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय भी हैं।



सिंधु ने 2016 के रियो ओलंपिक फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचते हुए भारत को रजत पदक दिलाया था।हैदराबाद में जन्मी सिंधु के पास एक स्वर्ण पदक सहित पांच विश्व चैंपियनशिप मेडल हैं। 2019 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने के अलावा सिंधु 2013 एवं 2014 में कांस्य और 2017 एवं 2018 में रजत पदक जीत चुकी हैं। बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सिंधु के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, हार्दिक बधाई सिंधु। बैडमिंटन कोर्ट में आपकी उपलब्धियां कमाल की रही हैं। एथेन्स ओलंपिक में रजत पदक विजेता और भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, जन्मदिन पर बधाई। हमेशा चमकती रहें और लोगों को प्रेरित करती रहें।

## चौथे दिन मैच हमारे हाथ से निकल गया था : बुमराह

एजेंसी

बर्मिंघम। पटौदी सीरीज़ की शुरुआत ट्रेंटब्रिज टेस्ट से हुई थी। जहां जसप्रीत बुमराह ने नौ विकेट लिए थे और इस सीरीज़ के अंतिम मैच में भी बुमराह ने बल्ले से एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

इस पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में बुमराह के द्वारा कई कमाल के प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने इस सीरीज़ में 23 विकेट लिए। टेस्ट मैचों में किसी भी भारतीय गेंदबाज़ का इंग्लैंड में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके बाद उन्हें कप्तानी भी सौंपी गई।

कुल मिलाकर यह सीरीज़ बुमराह के लिए काफ़ी शानदार रही लेकिन बुमराह और भारतीय टीम को अंतिम मैच में उस तरीक़े का परिणाम नहीं मिला जैसा वह चाहते थे। वह इस प्रयास में थे कि अंतिम टेस्ट को जीतकर इस सीरीज़ को जीत लिया जाए।




इंग्लैंड ने चौथी पारी में 378 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैच को जीत लिया।

इस मैच में मिली हार के बाद बुमराह ने हार के लिए अपनी टीम की कमज़ोर बल्लेबाज़ी पर चर्चा की। दूसरी पारी में भारतीय टीम की बल्लेबाज़ी काफ़ी ख़राब रही। टीम ने अपने अंतिम सात विकेट 92 रनों के अंतराल में गंवा दिया और सिर्फ़ 245 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

बुमराह ने कहा टेस्ट मैच की यही ख़ूबसूरती है।

ऐसा हो सकता है कि आपने तीन दिनों तक खेल में अपने विपक्षी को पीछे रखा है लेकिन चौथे दिन अचानक से विपक्षी टीम आप पर हावी हो जाती है।

मुझे लगता है कि चौथे दिन हम मैच में पीछे हो गए। हम दूसरी पारी में ज़्यादा स्कोर नहीं बना सके और फिर गेंदबाज़ी में भी हम वापसी करने में असफल रहे। यह एक ऐसा समय था जहां विपक्षी टीम को एक बढ़िया मोमेंटम मिल गया।

हम इस मैच में आगे थे लेकिन वह लगातार संघर्ष करते रहे। दूसरी पारी में उनकी टीम ने हमारी टीम की तुलना में बढ़िया खेल दिखाया और इस मैच को जीत गए। यही इस सीरीज़ का सबसे आदर्श परिणाम है। दोनों टीमों ने काफ़ी बढ़िया खेल दिखाया।

बुमराह ने इसके बाद ऋषभ पंत की भी तारीफ़ की, जिन्होंने पहली पारी में भारत को एक मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकालते हुए एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था।

उस दौरान रवींद्र जडेजा और पंत के बीच 222 रनों की साझेदारी हुई थी जिसके कारण भारत 416 के स्कोर तक पहुंच पाया।

बुमराह ने कहा, पंत और जडेजा ने हमें मैच में वापसी कराई। 98 के स्कोर पर हम पांच विकेट गंवा चुके थे। इन दोनों बल्लेबाज़ों ने काउंटर अटैक किया और हमें एक अच्छी स्थिति तक लेकर गए। यही टेस्ट क्रिकेट की ख़ासियत है। हमारे टीम कई अलग-अलग शैली के खिलाड़ी हैं।

पंत अपनी शैली पर भरोसा करते हैं और अपने गेम को आगे बढ़ाते हैं। मैं उनके लिए काफ़ी ख़ुश हूं।

अपनी कप्तानी पर बुमराह ने कहा, कप्तानी कौन करेगा इसका फ़ैसला मैं नहीं ले सकता। मुझे जिम्मेदारी पसंद है। यह एक अच्छी चुनौती थी और एक नई चुनौती है। टीम का नेतृत्व करना सम्मान और शानदार अनुभव था।

# ऑस्ट्रेलिया में हिंदुओं की आबादी में बड़ा इजाफा, 50 प्रतिशत से भी कम रह गए ईसाई

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की आबादी में हिंदुओं और मुस्लिमों की हिस्सेदारी में तेजी से इजाफा हुआ है। नई जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक देश में ईसाइयों की आबादी 50 फीसदी से भी कम रह गई है। इसके अलावा किसी भी धर्म को न मानने वाले यानी नास्तिकों की संख्या 39 फीसदी हो गई है और बीते 5 सालों में इसमें 9 पर्सेंट का इजाफा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया में हर 5 साल में जनगणना कराई जाती है, जिसके आंकड़ों ने कई नई जानकारियां सामने रखी हैं। आंकड़ों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की आबादी ढाई करोड़ से ज़्यादा हो गई है। अब देश की आबादी दो करोड़ 55 लाख हो गई है, जो 2016 में दो करोड़ 34 लाख थी। इस तरह देश की आबादी बीते 5 सालों में 21 लाख बढ़ गई है।

जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में पहली बार ऐसा हुआ है



कि देश में खुद को ईसाई बताने वालों की संख्या 50 फ़ीसदी से कम हो गई है। अब ऑस्ट्रेलिया में केवल 44 फ़ीसदी ईसाई रह गए हैं। वहीं 50 साल पहले यह आंकड़ा 90 फीसदी का था। इसके बाद भी देश में ईसाई धर्म को मानने वालों की संख्या अब भी सबसे अधिक है। इसके बाद दूसरे नंबर पर 39 फीसदी लोग वो हैं, जो किसी भी धर्म में आस्था नहीं रखते। ऑस्ट्रेलिया दुनिया के उन देशों में से एक है, जहां नास्तिकों का प्रतिशत कुल आबादी में इतना ज्यादा है।

### हिंदू धर्म मानने वालों की आबादी में तेजी से इजाफा

यही नहीं ऑस्ट्रेलिया में हिंदू और इस्लाम धर्म भी तेजी से बढ़ती दिखी है। इसके बाद भी दोनों धर्मों को मानने वाले लोगों की संख्या 3-3 ही प्रतिशत है। मगर पिछली बार की जनगणना से तुलना करने पर पता चलता है कि दोनों धर्मों के लोगों की संख्या बढ़ रही है। 2016 में ऑस्ट्रेलिया में हिंदू आबादी (1.9 फीसदी) और मुस्लिम आबादी (2.6 फीसदी) थी। इस तरह देखें तो ऑस्ट्रेलिया में हिंदुओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। इसकी वजह यह है कि भारत समेत दुनिया भर से ऑस्ट्रेलिया आकर बसने वाले हिंदुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

### 5 सालों में दूसरे देशों से आने वालों में एक चौथाई भारतीय

आंकड़ों में एक और बात सामने आई है कि देश की आधी से ज़्यादा आबादी या तो विदेशों में पैदा हुई है या उनके माता पिता विदेशों में पैदा हुए हैं। कोरोना महामारी के दौरान दूसरे देशों से ऑस्ट्रेलिया आने वालों की रफ्तार थोड़ी धीमी हुई है। लेकिन पिछले पांच सालों के दौरान देश में 10 लाख से ज़्यादा लोग दूसरे देशों से आ चुके हैं। इनमें से क़रीब एक चौथाई लोग भारत से वहां पहुंचे हैं।

### इटली के पांच क्षेत्रों में सूखा आपातकाल घोषित

रोम। इटली ने 70 वर्षों में सबसे भीषण सूखे का सामना कर रहे देश की लंबी 'पो नदी' के आसपास के पांच उत्तरी क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। कृषि संघ 'कोल्डिरेट्टी' ने कहा कि सूखे ने इटली की 30 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज को खतरे में डाल दिया है। बीबीसी के अनुसार, एमिलिया-रोमाग्ना, फ्र्यूली वेनेज़िया गिउलिया, लोम्बार्डी, पीडमोंट और वेनेटो को पानी की कमी से निपटने के लिए आपातकालीन निधि में 36.5 मिलियन यूरो दिए जाएंगे। असामान्य गर्म मौसम, सर्दियों और वसंत ऋतु में कम वर्षा के कारण उत्तरी इटली में पानी की कमी हो जाती है। सरकार ने सोमवार को कहा, आपातकाल लागू करने का उद्देश्य असाधारण साधनों और शक्तियों के साथ मौजूदा स्थिति का प्रबंधन करना है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे और कदम उठाए जाएंगे।

## श्रीलंका में ईंधन की कमी से चाय उद्योग पर मंडरा रहा खतरा

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका में ईंधन संकट लगातार बढ़ता ही जा रहा है, जिससे यहां के प्रसिद्ध चाय उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गये हैं।

श्री लंका के एक डेली एफ.टी. न्यूजपेपर ने टी फैक्ट्री ऑनर्स एसोसियशन के अध्यक्ष लियोनेल हेराथ के हवाले से कहा, देश भर के सात जिलों की सभी चाय कारखानें बंद होने के कगार पर हैं। अगर इन कारखानों के लिए कुछ दिनों तक ईंधन प्राप्त नहीं हो पाया और विदेशी मुद्रा में भी गिरावट आने का खतरा समाप्त नहीं हुआ तो इन्हें बंद होने से रोका नहीं जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि कारखानों के कर्मचारी ईंधन नहीं मिलने के कारण प्रति सप्ताह तीन से चार दिन काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सबसे पुराने और प्रमुख निर्यात उद्योगों में से एक को बिजली और ऊर्जा मंत्रालय का समर्थन निराशाजनक रहा है।

हेराथ ने कहा कि कुछ चाय कारखाने के मालिकों ने ईंधन प्राप्त करने के लिए पैसे दिए हैं और आवश्यक भंडारण टैंक बनाए हैं, लेकिन अब तक इन कारखानों को ईंधन उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कहा कि तीन महीने पहले, हमारा मुख्य मुद्दा उर्वरक था, लेकिन अब कारखानों को संचालित करने के लिए ईंधन का संकट मंडरा रहा है।

डेली रिपोर्ट के अनुसार, जिलों में सात चाय उत्पादक 264 निजी चाय कारखाने और अन्य 258 कारखाने बंद होने के कगार पर हैं।

उन्होंने बताया कि ईंधन की कमी के कारण लकड़ी की कीमतों में 1,500 से 4,000 रुपये तक की वृद्धि हुई है।

श्री हेराथ ने कहा कि बिजली कटौती, ईंधन की कमी, आर्थिक संकट और बढ़ती लागत के कारण चाय कारखानों को चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाय उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

उन्होंने बताया कि चार लाख से अधिक चाय के छोटे धारक और लगभग बीस लाख लोग यानि कि देश की कुल आबादी का 10 प्रतिशत चाय उद्योग से संबंधित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों में लगे हुए हैं।

### नेपालः बस दुर्घटना में 13 लोगों की मौत

काठमांडु। नेपाल के रामेछाप जिले में मंगलवार को एक बस दुर्घटना में 13 लोगों की मौत हो गयी और 19 अन्य घायल हो गए। 'काठमांडू पोस्ट' ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि बस काठमांडू की ओर जा रही थी। इस दौरान खडदेवी-सुनापति मार्ग पर यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में चार महिलाओं सहित नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोगों की धुलीखेल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों के बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### तुर्की में बस दुर्घटना में छह लोगों की मौत, 25 घायल

इस्तांबुल। तुर्की के उत्तर-पश्चिमी इलाके में मंगलवार को बस दुर्घटना में एक नाबालिग समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी और अन्य 25 घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। तुर्की की सरकारी अनादोलु एजेंसी ने कहा कि बस उत्तर-पश्चिमी शहर एडिरने से सुबह दक्षिण-पश्चिमी रिसॉर्ट शहर बोडरम के लिए रवाना हुई। बस रवाना होने के कुछ समय बाद किर्कलारेली प्रांत में एक रैंप से टकराकर नीचे गिर गयी। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, चिकित्सा कर्मियों और आपातकालीन बचाव दल को तुरंत दुर्घटनास्थल पर भेजा गया। घटनास्थल पर पहुंचे किर्कलारेली के गवर्नर बिरोल एकिकी ने दुर्घटना के कारण के बारे में नहीं बताया। पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है।

### न्यूजीलैंड में ओमीक्रॉन सबवैरिएंट का पहला मामला

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में ओमीक्रॉन सबवैरिएंट बीए.2.75 का पहला मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 9629 नए मामले सामने आये हैं और 24 लोगों की मौत हो गयी है। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जीनोम अनुक्रमण के विश्लेषण ने देशभर में बीए.2.75 के साथ दो मामलों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों के परीक्षण के दौरान ये मामले पाए गए। इसके अलावा, पिछले 24 घंटों में सीमा पर कोविड-19 के 47 नए मामलों का पता चला है। फिलहाल, देश के विभिन्न अस्पतालों में कोरोना महामारी के 493 रोगियों का इलाज किया जा रहा है, जिनमें 11 गहन देखभाल इकाई में हैं। न्यूजीलैंड में साल 2020 की शुरुआत में महामारी की चपेट में आने के बाद से अब तक कोविड-19 के 1366853 मामले सामने आ चुके हैं।

### यमन में हथियार के गोदाम में विस्फोट, 10 की मौत, 35 घायल

अदन। यमन के दक्षिणी प्रांत अबयान में मंगलवार को एक हथियार के गोदाम में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और अन्य 35 घायल हो गये। एक सुरक्षा अधिकारी ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को यह जानकारी दी। स्थानीय सुरक्षा सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अबयान के लॉडर जिले में हथियारों के भंडारण के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक इमारत में भयंकर विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोग मारे गए और 35 से अधिक घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि घटना स्थल पर बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है।सूत्रों ने कहा कि विस्फोट के कारण आसपास के कई आवासीय भवन और व्यापारिक स्टोर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।

### चीन, अमेरिका ने आर्थिक मुद्दों पर बातचीत की

बीजिंग। चीन के उप प्रधानमंत्री लियू हि और अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने मंगलवार को व्यापक आर्थिक स्थिति और वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों नेताओं ने व्यापक आर्थिक स्थिति और वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता जैसे विषयों पर व्यावहारिक और स्पष्ट विचारों का आदान-प्रदान किया। बातचीत के दौरान श्री लियू ने चीन पर अमेरिकी प्रतिबंध , अतिरिक्त शुल्क और चीनी उद्यमों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चिंता व्यक्त की।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है।

# बच्चों को घर बैठे खेल-खेल में सिखाएं गणित के गुण

कोरोना वायरस महामारी के बाद कई छात्र काफी मानसिक तनाव महसूस कर रहे हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए कई छात्र नए-नए हुनर सीख रहे हैं। ऐसे में भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग काफी बढ़ गई है। माता-पिता अपने बच्चों को नए कौशल सिखाने के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे को गणित और सांख्यिकी गणना सिखाना चाहते हैं तो अबेकस ट्रेनिंग क्लास की मदद से आप अपने बच्चों को खेल में गणित पढ़ा सकते हैं।

कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है। माता-पिता अलग-अलग ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म ढूंढ रहे हैं जिसके माध्यम से उनके बच्चों को रचनात्मक सीखने के माहौल में पाला जा सकता है। गणित और संख्या कुछ बच्चों के लिए स्वाभाविक रूप से आती है, लेकिन जब गणना की बात आती है तो स्कूल और कॉलेज के छात्रों का एक बड़ा हिस्सा कुछ हद तक संघर्ष करता है। अबेकस, जैसा कि हम सभी जानते हैं, सदियों से मौजूद है और इसे अंकगणितीय कौशल और संख्यात्मक प्रवाह को विकसित करने के लिए दुनिया भर में सबसे अच्छे उपकरणों में से एक माना जाता है।

अबेकस टूल का उपयोग गणितीय कार्यों जैसे जोड़, घटाव, गुणा, वर्ग या घनमूल को करने के लिए किया जाता है। अबेकस का उपयोग दशमलव अंक, ऋणात्मक संख्या और बहुत कुछ गिनने के लिए भी किया जा सकता है। अपने गणना कौशल में सुधार के अलावा, अबेकस सीखने से बच्चे के समग्र विकास में मदद मिल सकती है। अबेकस सीखने के कुछ लाभ इस प्रकार हैं :

- कैलकुलेशन की गति और सटीकता में सुधार करता है
- विश्लेषणात्मक कौशल और तार्किक रीजनिंग का निर्माण करता है
- गणित में रुचि पैदा करता है
- एकाग्रता और अवलोकन शक्ति को बढ़ाता है
- मेमोरी में सुधार करता है
- आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बनाता है



यहां भारत में पांच ऐसे प्लेटफार्मों के बारे में बताया गया है जो 100 प्रतिशत डिजिटल एबेकस प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और युवाओं को भविष्य के रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

## ब्रिटिश यूथ इंटरनेशनल कॉलेज

यूके स्थित प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन अबेकस शिक्षण मंच लॉन्च करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। उनके मंच में पूरी तरह कार्यात्मक वर्चुअल अबेकस है जो बच्चों के समग्र मानसिक विकास के लिए इंटरैक्टिव प्रशिक्षक के नेतृत्व वाली अबेकस शिक्षण पद्धति का उपयोग करता है। ये ऑनलाइन कक्षाएं चरण-दर-चरण अप्रोच प्रदान करती हैं जिसका उद्देश्य छात्रों को अबेकस को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन करना और कैलकुलेटर की तुलना में तेजी से संख्या की गणना करना है। शिक्षक प्रत्येक छात्र को गहन शिक्षण प्रदान करते हैं। वे जोड़, घटाव, गुणा, भाग, दशमलव जोड़, दशमलव घटाव, दशमलव गुणा और दशमलव भाग को कवर करते हैं। वे एकमात्र अबेकस कंपनी हैं जो दशमलव आधारित गणना प्रदान करती हैं।

## उडेमी

उदमी अबेकस कोर्स का उद्देश्य आपकी गणना, क्षमता, संख्या बोध और मानसिक अंकगणित को बेहतर बनाने में मदद करके मस्तिष्क का विकास करना है। यह पाठ्यक्रम मल्टीमीडिया और एनिमेशन के जरिये आपको सिखाएगा कि अबेकस पर सही और तेज बुनियादी गणित संचालन कैसे करें। इन अबेकस ऑनलाइन कक्षाओं को शुरू करके बच्चे अबेकस पर संख्याएं रखने, हल करने और जोड़ और घटाव को समझने में सक्षम होंगे।

## अबेकस सुपरमैथ्स

'सुपरमैथ्स' छात्रों को अबेकस टूल का उपयोग करने के लिए एक दोस्ताना और इंटरैक्टिव मंच प्रदान करता है। उनकी कक्षाएं आपको ऑनलाइन वर्कशीट पर काम करके मानसिक सिद्धांत अवधारणाओं को अभ्यास में लाने की अनुमति देती हैं। यह कोर्स दो ट्रैक में आता है, जूनियर और सीनियर। पहले ट्रैक में 11 स्तर होते हैं जबकि दूसरे वरिष्ठ ट्रैक में 8 स्तर होते हैं। प्रत्येक स्तर के अंत में एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके बाद छात्र को अगले स्तर पर पदोन्नत किया जाता है। वे प्रशिक्षक के नेतृत्व में आवेदन आधारित वीडियो कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाते हैं।

## अबेकस मास्टर

अबेकस मास्टर ने अबेकस को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए अनूठी विशेषताओं के साथ एक व्यापक शिक्षण मंच बनाया है। यह ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 5-12 वर्ष की आयु के बीच के छात्रों को अबेकस प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें आठ स्तर शामिल होते हैं जो बुनियादी से लेकर उन्नत अबेकस गणनाओं तक सभी विषयों को कवर करते हैं। छात्र इस पाठ्यक्रम को अपनी गति के हिसाब से ले सकते हैं; हालाँकि, पोर्टल पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए प्रत्येक स्तर पर कम से कम दो महीने बिताने का सुझाव देता है। उनकी कक्षाएं एनिमेशन, अंजान वीडियो और प्रैक्टिस वर्कशीट की मदद से दी जाती हैं।

## स्मार्ट किड अबेकस

स्मार्ट किड की 'अबेकस फ्रेंचाइजी' बच्चों के लिए अबेकस ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करती है। ये कक्षाएं सप्ताह में एक बार 45 मिनट के लिए आयोजित की जाती हैं। समय में कोई पाबन्दी नहीं है और छात्र कई प्रकार के पाठ्यक्रमों में से चुन सकते हैं। यह आठ स्तरीय पाठ्यक्रम है जिसमें 5 बुनियादी और 3 अग्रिम स्तर हैं। पाठ्यक्रम 4-14 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के लिए डिजाइन किए गए हैं और ये पाठ्यक्रम कौशल के विकास के साथ-साथ संपूर्ण मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देते हैं।



# फ्लाइट में यात्रियों की मेहमान नवाजी कर कमाएं हजारों

केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें।

केबिन क्रू का मतलब होता है केबिन के कर्मचारी। किसी भी फ्लाइट में जहाँ यात्री बैठते हैं, उसे केबिन कहते हैं। फ्लाइट में यात्रियों की सेवा और सुरक्षा के लिए जो टीम होती है, उसे केबिन क्रू कहते हैं। केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें। आज के इस लेख में हम आपको केबिन क्रू बनने के लिए जरूरी योग्यता, प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देंगे

## योग्यता

- उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स किसी भी स्ट्रीम में पास होना चाहिए। या किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी अगर आपने किसी भी सब्जेक्ट में स्नातक की हो तो आप केबिन क्रू की जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक की ऊंचाई 157 से 170 सेंटीमीटर के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक की आयु 17 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## जरूरी कौशल

- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए दूसरों के साथ अच्छी तरह से बातचीत करने का ढंग होना चाहिए।
- आपके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए।
- आपकी अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी पर्सनालिटी और गुड लुक्स भी जरुरी होते हैं।

## कोर्सेज

- डिप्लोमा इन केबिन क्रू एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन केबिन क्रू
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एयर हॉस्टेस

## केबिन क्रू कैसे बनें

- एयरलाइन कंपनियां समय-समय पर केबिन क्रू की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करती हैं।
- केबिन क्रू का एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद आवेदक को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू क्लियर करने के बाद आवेदक की शारीरिक जाँच और मेडिकल टेस्ट होता है।
- मेडिकल टेस्ट क्लियर करने के बाद ग्रुप डिस्कशन होता है।
- इन सभी टेस्ट्स को पास करने वाले उम्मीदवारों का चयन केबिन क्रू के लिए होता है।

## सैलरी

शुरुआत में बतौर केबिन क्रू आपकी सैलरी प्रतिमाह 30,000 रूपये से 50,000 रूपये तक हो सकती है। हालंकि, समय के साथ अनुभव होने पर सैलरी बढ़कर 70 हजार रूपये से 1 लाख रूपये प्रतिमाह तक हो सकती है।



# वैकल्पिक चिकित्सा में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो चुनें मैग्नेटिक थेरेपी

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए।

मैग्नेटिक थेरेपी, जिसे मैग्नेट थेरेपी या मैग्नो थेरेपी भी कहा जाता है, वास्तव में एक वैकल्पिक चिकित्सा उपचार है, जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चुंबक का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद सिंपल, इफेक्टिव, सुरक्षित व पूरी तरह से दर्दरहित प्राकृतिक उपचार है। चुंबकीय चिकित्सा को एक विज्ञान के साथ-साथ एक कला के रूप में माना जाता है, क्योंकि इसमें मानव के विभिन्न अंगो, रोगों को जानने के साथ-साथ व मैग्नेट के उचित उपयोग को जानना भी उतना ही जरूरी है। विज्ञान में, चुंबकीय चिकित्सा एक्यूपंक्चर के समान है। वहीं कला में, इसमें विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए शरीर के विभिन्न हिस्सों पर विभिन्न आकारों और शक्तियों के मैग्नेट का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद डिफरेंट चिकित्सा थेरेपी है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं कॅरियर-

## स्किल्स

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें मानव शरीर व उसके महत्वपूर्ण अंगों की रचना व उसके विज्ञान के बारे में भी पता होना चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

भारत में केवल कुछ ही संस्थान मैग्नेट थेरेपी पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं। मैग्नेट थेरेपी में सर्टिफकिट, डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10 2 है और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक होना आवश्यक है। डिप्लोमा कोर्स की अवधि 1 वर्ष की है और स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स 2 वर्ष का है। कुछ संस्थान शार्ट टर्म डिप्लोमा और मास्टर डिप्लोमा कोर्स भी करवाते हैं, जिनकी अवधि एक से तीन महीने की होती है। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट प्राइवेट व पब्लिक हॉस्पिटल, नेचुरोपैथी हॉस्पिटल या वैकल्पिक उपचार चिकित्सा केन्द्रों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा मैग्नेटिक थेरेपिस्ट इंडिपेंडेंट प्रैक्टिस भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वह उपचार के लिए मैग्नेटिक ज्वैलरी, ब्रेसलेट व अन्य उत्पादों को भी बेच सकते हैं। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट की आय असीमित है। उनकी आय उनके चिकित्सीय कौशल पर निर्भर करती है। सेल्फ इंपलायड मैग्नेटिक थेरेपिस्ट घंटे के हिसाब से चार्ज करते हैं। उनका एक सेशन करीबन 20 से 30 मिनट का होता है।

## प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता
- एक्यूप्रेशर रिसर्च, टेनिंग व टीटमेंट इंस्टीट्यूट, जोधपुर
- ऑल इंडिया पैरा मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, लुधियाना
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी, पुणे
- कॉलेज ऑफ क्लिनकिल मैग्नेटोलॉजी और प्राण हीलिंग कॉलेज, त्रिशूर
- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, कोलकाता
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, बैंगलोर
- महेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, जयपुर





# एक्वापॉनिक्स फार्मिंग में है बेहतर भविष्य

**क्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है।**

आज के समय में एग्रीटेक स्टार्टअप बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। एक्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है जबकि इसमें पौधे दोगुनी रफ्तार से बढ़ते हैं। एक्वापॉनिक्स में एक फिश टैंक में मछली पालन किया जाता है और दूसरी तरफ पानी पर हाइड्रोपोनिक खेती का सिस्टम बनाया जाता है। फिश टैंक में मछलियां फीड खाने के बाद करीब 70 फीसदी तक मल निकालती हैं जिसमें अमोनिया होता है। इसके बाद फिश टैंक से अमोनिया वाले पानी को हाइड्रोपोनिक खेती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब ये पानी पौधों की जड़ों तक पहुंचता है तो वहां मौजूद बैक्टीरिया इसे नाइट्रोजन में तोड़ देते हैं। यह पौधों के विकास के लिए बहुत ही अहम होता है। इसके बाद पानी को फिर से प्यूरिफाई किया जाता है और दोबारा मछलियों के टैंक में डाला जाता है। इस तरह एक ही पानी बार-बार इस्तेमाल होता रहता है और पानी की बचत होती है।

एक्वापोनिक फार्मिंग सेटअप तैयार करने में कितनी लागत आएगी यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप बड़ा सेटअप तैयार करना चाहते हैं या छोटा। उदाहरण के लिए अगर आप एक एकड़ जमीन पर एक्वापोनिक फार्मिंग करते हैं तो आपका करीब 3 करोड़ रूपए तक का खर्चा आ सकता है। इसके साथ ही अगर आप मुनाफा चाहते हैं तो आपको अच्छी क्वालिटी वाली चीजें इस्तेमाल करनी होंगी। एक्वापोनिक खेती से हुई पैदावार पूरी तरह ऑर्गेनिक होती है इसलिए आप इसके लिए सामान्य की तुलना में दो से तीन गुना कीमत कमा सकते हैं। हालाँकि, आपको पैदावार से पहले ही उसे बेचने की तैयारी कर लेनी होगी वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है। इसके लिए आप बड़े-बड़े रिटेल स्टोर, रेस्टोरेंट और फाइव स्टार होटलों से कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं।

CMYK CMYK CMYK CMYK